# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 215 । भोपाल, शुक्रवार 4 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



एनजीटी ने ननि पर लगाया पौने 2 करोड़ का जुर्माना — पृष्ठ 3
- हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं
- इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है? — पृष्ठ 4
- स्वलेहा का हुआ शासकीय मेडिकल कॉलेज में दाखिल — पृष्ठ 6


कानूनी तर्कों में उलझाकर जातिगत सर्वेक्षण बंद कराना चाहती थी भाजपा — पृष्ठ 8


### गृह मंत्री शाह बोले, केंद्र को दिल्ली पर कानून बनाने का अधिकार

# दिल्ली बिल लोकसभा में पास

- कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने किया विरोध
- आप सांसद रिंकू बचे सत्र के लिए निलंबित
- अब बिल को राज्यसभा में किया जाएगा पेश






**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन गुरुवार को लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास कर दिया गया। वहीं, स्पीकर ओम बिड़ला ने आप सांसद सुशील कुमार रिंकू को बाकी बचे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रिंकू को निलंबित करने का प्रस्ताव संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी लाए थे। रिंकू पर वेल में आकर कागज फाड़ने का आरोप था। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

**विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। नेहरू, पटेल भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे : अमित शाह, गृह मंत्री**

लोकसभा में 2 बजे दिल्ली अध्यादेश विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों को गठबंधन का नहीं, दिल्ली का सोचना चाहिए। एक बात तय है कि चाहे कितना भी अलायंस कर लें, सरकार तो नरेंद्र मोदी की ही आ रही है। शाह ने ये भी कहा कि मणिपुर पर जितनी चर्चा चाहें, कर लें, मैं जवाब दूंगा। वहीं इस दौरान कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके सहित अन्य विपक्षी दलों ने बिल का कड़ा विरोध किया।

अमित शाह ने विधेयक के पक्ष में तर्क देते हुए सदन में कहा, 'अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को संदर्भित करता है जिसमें कहा गया है कि दिल्ली को लेकर किसी भी मुद्दे पर सरकार को कानून बनाने का अधिकार है।' उन्होंने बताया कि संविधान में भी हमें ये अधिकार दिया गया। अमित शाह ने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को दिल्ली की नहीं सिर्फ अलायंस की चिंता है। ये विधेयक का विरोध राजनीति के लिए कर रहे हैं। गृह मंत्री के बोलने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी

■ शेष पृष्ठ 8 पर



**शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे: अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता**

### विधेयक में क्या प्रावधान है

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 में उपराज्यपाल को दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर अंतिम अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है।

### दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, आज लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिए उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है। बस इधर उधर की फालतू बातें कर रहे थे। वो भी जानते हैं वो गलत कर रहे हैं। ये बिल दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल है।

### राज्यसभा में धनखड़ की बात पर लगे ठहाके

राज्यसभा में तीखी बहस के बीच हल्के पल भी देखने को मिले। सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बोलने के लिए कहा। खड़गे ने कहा– मैं दो सेकंड के लिए बैठ गया। आप शायद गुस्से में थे। इस पर धनखड़ ने कहा कि मैं 45 साल से शादीशुदा जीवन जी रहा हूं, मैं कभी गुस्सा नहीं करता। इस पर सभी सदस्य हंस दिए।

### राष्ट्रपति ने 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव का शुभारंभ किया, कहा-

# आपसी समझ विकसित करने में साहित्य व कला का महत्वपूर्ण योगदान



### अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** विभिन्न संस्कृतियों में समन्वय और आपसी समझ विकसित करने में साहित्य और कला का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य वैश्विक समुदाय को शक्ति प्रदान करता है। साहित्य की कालातीत श्रेष्ठता से हर व्यक्ति परिचित है। विलियम शेक्सपियर की अमर कृतियां आज भी इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य आपस में जुड़ता भी और जोड़ता भी है। मैं और मेरा से ऊपर उठकर रचा गया साहित्य और कला सार्थक होते हैं। यह बात राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कही। वह भोपाल में 'उत्कर्ष' और 'उन्मेष' उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की भाषाएं और बोलियां मेरी है। विभिन्न भाषाओं में रचनाओं का अनुवाद भारतीय साहित्य को और समृद्ध करेगा। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल विहारी वाजपेयी का संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय था। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि उन्मेष का अर्थ आंखों का खुलना और फूल का खिलना है। यह प्रज्ञा का प्रकाश और जागरण है। 19वीं शताब्दी में नव–जागरण की धाराएं 20वीं सदीं के पूर्वार्द्ध तक प्रवहमान रहीं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वधीनता और पुनर्जागरण के आदर्शों को साहित्यकारों ने बखूबी अभिव्यक्त किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्कर्ष जनजातीय समाज की उन्नति का उत्सव है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिस दिन भारत का जनजातीय समाज उन्नत हो जाएगा, उस दिन भारत विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा है कि प्रदेश की जनजातीय

■ शेष पृष्ठ 8 पर

### भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कहा कि उन्मेष के दौरान जनजातीय कवि–लेखक सम्मेलन, भारत एट सेवन्टी पर कविता पाठ और मध्यप्रदेश के गीत के सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। उन्मेष और उत्कर्ष भारत की विभिन्न परंपराओं को जोड़ने का प्रयास है। श्री पटेल ने कहा कि विचार–भावना और आत्म–शक्ति के समन्वय से ही रचना का सृजन होता है। इसके लिए किसी साधन–संसाधन की आवश्यकता नहीं होती। इसका जीवंत प्रतिरूप जनजातीय समुदाय की कलात्मकता है, जिसकी कला, रचना–कौशल, संगीत और नृत्य, काल की सीमाओं से परे अमिट मूल्यों, मौलिक सादगी और गहन अनुभूति का अद्भुत आभास कराते हैं।

### साहित्य, कला और संगीत में दुनिया को एक बनाए रखने का सामर्थ्य : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश का सौभाग्य है कि हमें अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' और लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों के उत्सव 'उत्कर्ष' जैसे भव्य और गरिमामय आयोजन की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह सुख अगर कोई देता है, तो वह साहित्य, संगीत और कला ही है। आज बड़ी संख्या में गणमान्य साहित्यकार, कलाकार और संगीतकारों ने यहां अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुझे विश्वास है कि साहित्य, कला और संगीत में दुनिया को एक बनाए रखने का सामर्थय है। भौतिकता की अग्नि में दग्ध मानवता को शास्वत शांति का दिग्दर्शन कला, संगीत और साहित्य ही कराएंगे।' श्री चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की स्वच्छता के लिए प्रतिबद्धता से देश उत्साह के साथ प्रेरणा प्राप्त करता है।

### मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत सचिव सम्मेलन में की महत्वपूर्ण घोषणाएं

# पंचायत सचिवों को मिलेगी नियमित शासकीय सेवकों की तरह सुविधा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत और सरकार के बीच सेतु की तरह कार्य करते हैं। ये सरकार को गाँव की सरकार से जोड़ते हैं। उनके कार्य में निरंतरता होती है। अनेक महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत सचिव ही क्रियान्वित करते हैं। आज मध्य प्रदेश आवास योजना, नल जल योजना और अन्य योजनाओं में अग्रणी है। कोविड काल में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने लगातार कार्य किया। हाल ही में प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को बहुत कम समय में धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी मेहनत और ईमानदारी सराहनीय है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गाँव को विकसित, सुविधा संपन्न और आत्म–निर्भर बनाने में ग्राम पंचायत सचिव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विकसित भारत के लिए भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान में पंचायत सचिव सम्मेलन में पंचायत सचिवों के हित में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह विभिन्न सुविधाएँ दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, हितग्राहियों को पेंशन दिलवाने और अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सजग रहते हैं। उन्होंने आशा की कि पंचायत सचिव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, स्वच्छ भारत मिशन और रोजगार गारंटी योजना सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में कुशलता के साथ कार्य करते हुए अच्छे परिणाम लाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा आज समरसता के वातावरण के साथ विकास आवश्यक है और ग्राम पंचायत सचिव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी मधुकर सांवले ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसा जननायक नहीं देखा। हाल ही में उन्होंने रोजगार सहायकों का वेतन 9 हजार से बढाकर 18 हजार मासिक किया है। किसी वर्ग या श्रेणी का वेतन दुगना करने का यह अनूठा उदाहरण है। इसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश प्रगति कर रहा है। उनके कर्मचारी हित के निर्णय अभिनंदनीय हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के सुझावों पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सकारात्मक निर्णय लिए हैं। उनके शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान का विशाल पुष्प–हार पहना कर और गदा भेंट कर सम्मान किया गया। उन्हें साफा भी बांधा गया।

कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, निर्धन वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष शिव चौबे, बाल मुकुंद पाटीदार, विनोद शर्मा निरंजन के अलावा अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव और पूरे प्रदेश से आए ग्राम पंचायत सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिवंगत पंचायत कर्मचारी को श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत सचिव सम्मेलन में उन दो पंचायत सचिवों को भी श्रद्धांजलि दी जिनका असामयिक निधन हो गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि असमय दिवंगत कर्मचारी के परिवारों को दस–दस लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

### सम्मेलन में की गई घोषणाएं

- ग्राम सचिवों को 1 तारीख को ही वेतन मिल जाए, यह सुनिश्चित किया जाएगा।
- सातवें वेतनमान का लाभ तत्काल प्रभाव से पंचायत सचिवों को मिलेगा।
- पंचायत सचिवों को समयमान वेतनमान भी दिया जाएगा।
- पंचायत सचिव की असामयिक मृत्यु पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी, इसके लिए नियम सरल बनाए जाएंगे।
- पीसीओ (पंचायत समन्वयक अधिकारी) के पदों पर नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण ग्राम पंचायत सचिवों को मिलेगा।
- ग्राम पंचायत सचिवों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।
- शासकीय सेवा की तरह अवकाश एवं अन्य सुविधाएं ग्राम पंचायत सचिवों को मिलेगी।
- ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर पूर्ण की जाएगी। न्यू पेंशन का लाभ भी नियमित कर्मचारियों की तरह दिया जाएगा।
- सेवानिवृत होने पर एक मुश्त तीन लाख रुपए की राशि पंचायत सचिवों को दी जाएगी।

# 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) दूसर बार आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। आमतौर पर यह उद्यान प्राय: फरवरी माह में एक महीने के लिए खोला जाता है। लेकिन इस साल यह 16 अगस्त से दोबारा लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उद्यान उत्सव–2 के तहत अमृत उद्यान एक महीने (सोमवार को छोड़कर) के लिए 16 अगस्त 2023 से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस पर इसे खासतौर पर शिक्षकों के लिए खोला जाएगा। बयान के मुताबिक,उद्यान उत्सव–का उद्देश्य गर्मियों में खिलने वाले फूलों को प्रदर्शित करना है। इस उत्सव में सरकारी स्कूल के छात्रों को मुफ्त में प्रवेश दिया जाएगा। राष्ट्रपति भवन का यह अमृत उद्यान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। हालांकि अंतिम प्रवेश शाम चार बजे तक ही होगा। पर्यटक नॉर्थ एवन्यू के समीप गेट नम्बर 35 से प्रवेश कर सकेंगे।




## सार समाचार

### कस्तूरबा महाविद्यालय में राष्ट्रकवि गुप्त की जयंती मनाई



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष मुख्य वक्ता और महाविद्यालय के समस्त सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात मैथिलीशरण गुप्त की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता डॉ. के व्ही बुनकर ने मैथिलीशरण गुप्त के जीवन चर्चा कर विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उनके चरित्र को रेखांकित किया। इतिहास विभाग से डॉ पूनम पारीक ने यशोधरा कृति के माध्यम से स्त्री जीवन के मर्म को छुआ। तत्पश्चात अंग्रेजी विभाग से कीर्ति सोनी ने भारत-भारती कविता के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति यादव एवं आभार श्रीमती सोनू सिसोदिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दिवाकर तिवारी, अनूप श्रीवास्तव, केके नंदा, जावेद अली, मनोज मीना, मिथुन धाकड़ और बड़ी संख्या में छात्राओं उपस्थिति रहकर कार्यक्रम सफल बनाया।

### गांजे के साथ पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ा

**गुना, देशबन्धु।** शहर की कैंट पुलिस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर से एक व्यक्ति को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से 850 ग्राम गांजा बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंट पुलिस द्वारा नियमित गश्त के दौरान रात्रि में ट्रांसपोर्ट नगर के आउटर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा। पुलिस ने उससे खड़े होने का कारण पूछने का प्रयास किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस ने एक थैले के साथ धरदबोचा। जिससे उक्त थैले में रखे सामान के बारे में पूछा तो कभी कुछ तो कभी कुछ कहने लगा। संदेह होने पर थैले को चैक किया तो उक्त थैले में पीले रंग की कपड़े की थैली रखी हुई थी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुरूषोत्तम गोस्वामी निवासी गुप्ता कॉलोनी बताया। 850 ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### दरवाजे से निकलने को लेकर भिड़े भाई

**गुना, देशबन्धु।** जिले के कुंभराज थानांतर्गत ग्राम जस्तखेड़ी में घर के आने-जाने वाले रास्ते को लेकर पहले परिवार की जेठानी-देवरी भिड़ी। उसके बाद विवाद बड़ा तो उसमें दोनों भाई कैद गए। पुलिस ने बड़े भाई की शिकायत पर छोटे भाई पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रमेश पुत्र अमरलाल शिवहरे ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि देवीलाल मेरा छोटा भाई है। मेरा तथा देवीलाल का घर में आने जाने का दरवाजा एक ही है। दरवाजे में से निकलने को लेकर गत दिवस उसकी पत्नि तथा देवीलाल की पत्नि में विवाद हो गया था। इसी बात पर से रात 11 बजे जब फरियादी अपने खेत पर से घर आया, तो देवीलाल ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी।

# एक की करंट लगने, दूसरे की कीटनाशक का छिड़काव करने से गई जान

**गुना, देशबन्धु।** सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदिया में टपरिया से बिजली के खंभे पर तार डालते समय एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। वहीं धरनावदा थाना इलाके के देहगांव में खेत में फसल पर दवाई का छिड़काव करते समय कीटनाशक के प्रभाव एक युवक बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसी थाना अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी कैलाश पुत्र सुमारया भिलाला 32 गत शाम साढ़े 7 बजे के करीब टपरिया में बिजली का बल्ब लगाने के विद्युत डोरी तान रहा था। इसी दौरान कैलाश भिलाला को हाथ में तेज बिजली का करंट लग गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।





उसे उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। गुरुवार को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में सिरसी पुलिस मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मृतक के दो बेटे हैं।

इधर धरनावदा थानांतर्गत देहगांव में बटिया से खेती कर रहे पत्नी-पति गत शाम मक्के के खेत पर कीटनाशक छिड़क रहे थे। इसी दौरान हवा के साथ उडक़र आई कीटनाशक दवाई के संपर्क में आने से बटियादार किसान के बेहोश हो गया। जिसे उसकी पत्नी और खेत मालिक अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आएं। यहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे भोपाल रैफर करने की तैयारी की। लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशानखेड़ा निवासी बंटी केवट अपनी पत्नी और बच्चों के साथ देहगांव धरनावदा में बटिया से खेती करता था।

इसी दौरान बुधवार देर शाम पति पत्नी दोनों मक्का के खेत में कीटनाशक दवा डाल रहे थे। अचानक बंटी ने कीटनाशक दवा का सेवन किया है या उसे दवा रिएक्शन कर गई है। जिसकी हालत बिगडऩे पर उसको जिला गुना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बंटी की मौत हो गई। खेत मालिक के अनुसार बंटी अपने परिवार के साथ इसी खेत पर रह रहा था। पति-पत्नी मक्का खेत में कीटनाशक दवा डाल रहे थे। हालांकि बंटी की मौत दवा के सेवन करने से हुई है या दवा डालते समय छिडक़ाव के दौरान हुई है। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ पाएगा। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षक नियमित रूप से समय पर विद्यालय पहुंचे



**▸ शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा**

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर ने कहा कि मुझे यह जानकारी मिली है कि विद्यालय में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते हैं, या समय पूर्व विद्यालय छोडक़र चले जाते हैं, यह स्थिति ठीक नही है। सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे, यह व्यवस्था सुनिश्चित किया जावे। विगत वर्षो में खराब परीक्षा परिणाम के कारण जिन प्राचार्यो के विरूद्ध कार्यवाही प्रचलन में है, उनकी जानकारी भेजी जावे। कलेक्टर तरूण राठी द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, डीईओ सीएस सिसोदिया, डीपीसी ऋषि शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में राज्य स्तर पर जिले की क्या रैंक है, इसकी जानकारी आगामी समीक्षा बैठक में रखी जावे। आगामी बैठक में आरटीई के तहत प्रवेश की स्थिति, अटल एप, स्मार्ट क्लास आदि की जानकारी भी पीपीटी में सम्मिलित की जावे। जिले में संचालित मॉडल स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन ठीक ढंग से हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में सीएम हेल्प लाइन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान सर्व शिक्षा अभियान की 61 एवं जिला शिक्षा अधिकारी की 165 लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के निर्देश दिये गये। विभाग द्वारा विद्यालयों की मरम्मत की जो राशि प्राप्त होती है, उसका उपयोग सही ढंग से कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान 6 निर्माण कार्य जो प्रगतिरत हैं एवं शौंचालय मरम्मत आदि के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को ई- स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। ऐसे 92 छात्रों का जिले में चयन किया गया है। उनके ई-स्कूटी वितरण से संबंधित आवश्यक कार्यवाही की तैयारी पूर्ण कर ली जावे।

# मंडी समिति ने स्वर्ण जयंती महोत्सव पर उत्कृष्ट किसानों और व्यापारियों का किया सम्मान



**▸ मंडी समिति के सेवा निवृत कर्मचारियों का हुआ सम्मान**

**गुना, देशबन्धु।** मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत दूसरे दिवस गुरुवार को कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी कार्यालय में किसान संगोष्ठी, पौधारोपण, उत्कृष्ट किसानों और व्यापारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ शुरू किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा कन्या पूजन किया गया। जिसमे अतिथि विधायक गोपीलाल जाटव, सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय, सचिन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र किरार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन, एसडी एम दिनेश सांवले, मंडी सचिव उदय भानु चतुर्वेदी मुख्य रूप से उपस्थित होकर मंचासीन रहे।

इससे पूर्व मंडी प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर किसान संगोष्ठी में किसान भाइयों ने अपने अपने संस्मरण सुनाए और उत्तम एवं जैविक खेती करने लोगों को प्रेरित किया। साथ ही मंडी समिति गुना को वित्तीय 2022-23 में सर्वाधिक मंडी शुल्क देने वाले दो व्यापारी मनीष अग्रवाल एवं राजेंद्र अग्रवाल का साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसी के साथ भावेंद्र सिंह सिसोदिया, शिवनंदन सिंह, चंदन सिंह यादव, देवेंद्र धाकड़ एवं मंडी समिति के सेवा निवृत कर्मचारियों ब बड़ी संख्या में किसान भाइयों का सम्मान किया गया। इसी के साथ ही गुना विधायक ने मंडी सेकेट्री उदय भानु चतुर्वेदी को मंच से उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया। श्री चतुर्वेदी को पूर्व में तत्कालीन भार साधक अधिकारी एवं एसडीएम वीरेंद्र सिंह बघेल के कार्यकाल में 2022-23 में ग्वालियर संभाग की मंडियों में गुना मंडी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह जादौन, जयवीर सिंह परिहार, गिर्राज सरन गर्ग, रंजना शर्मा, सकूनतला त्रिपाठी, रीना श्रीवास्तव, वर्षा रघुवंशी, उषा सिसोदिया, मीनाक्षी बहिन, राधेश्याम उपाध्याय, राम कृष्ण लोधा, मोहन सिंह रघुवंशी, जितेंद्र रघुवंशी सहित मंडी समिति के कर्मचारी एवं एवं बड़ी संख्या में व्यापारी, कृषक एवं हम्माल तुलावटी उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गर्ग की स्मृति में लगा निशुल्क मोतियाबिंद शिविर



**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व- शिवचरण गर्ग की पुण्यस्मृति पर लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द चयन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व- गर्ग के पुत्र मोहनलाल गर्ग, पोते प्रदीप गर्ग, मनीष गर्ग के द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चेयरमेन आलोक अग्रवाल, लायंस क्लब अध्यक्ष राजेश सिंघल, सचिव मदन सोनी, अमरजीत सलूजा एवं समस्त अस्पताल स्टॉफ द्वारा स्व- श्री गर्ग को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. गर्ग की पुण्य स्मृति में 3 अगस्त को अथाईखेड़ा एवं बहादुरपुर में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 164 मरीजों का परीक्षण कर 34 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयन किया। जिनके ऑपरेशन नि-शुल्क किए गए। ज्ञातव्य रहे कि लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना में नेत्र दान की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मरणोपरांत नेत्र दान कर किन्ही दो जरूरतमंद व्यक्तियों की जिदंगी रोशन कर सकते हैं। साथ ही लायंस नेत्र चिकित्सालय में अब तक 61000 से अधिक के सफफल मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया जा चुके है।

### निजी भूमि पर सडक़ बनवाने जिद पर अड़ी नगर पंचायत

**गुना, देशबन्धु।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत गायत्री मंदिर के सामने निजी भूमि पर नगर पंचायत द्वारा जबरन रोड डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडि़त महिला ने कागजातों के साथ कलेक्टर को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की।



महिला रामचंदरीबाई पत्नी गिरधर माली ने बताया कि उसकी स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 1069/1, 1070/1, 1076/3 चांचौड़ा के गायत्री मंदिर के सामने है। उक्त भूमि पर नगर पंचायत द्वारा पटवारी एवं राजस्व निरीक्षण से मिलकर अवैध रूप से बिना भूमि के अधिग्रहण कर रोड डलवाई जा रही है। नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा महिला की बात सुने बिना ही उक्त भूमि पर जेसीबी चलवा दिया। जिसमें उसके फलदार पेड़, पाईप सहित अन्य सामान तहस नहस कर दिया गया। महिला के अनुसार इस संबंध में स्थानीय प्रशासन ने उसे पूर्व में कोई सूचना भी नहीं दी। कलेक्टर को दिए आवेदन में महिला ने उक्त जबरन शासकीय निर्माण रूकवाने की मांग की।

# आदिवासी महोत्सव 9 को, झाबुआ के कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**गुना, देशबन्धु।** इसी माह की नौ तारीख को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में बमौरी विधानसभा क्षेत्र स्थित केदारनाथ धाम पर विशाल आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें मुख्यअतिथि के रूप प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया शामिल होंगे।आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार करेंगे।आदिवासी महोत्सव में झबुआ ज़िले से आने वाले प्रसिद्ध कलाकार वी.के. भूरिया,दिलीप थनदार,डांसरएवं मॉडल सुश्री पूजा मंडलोई आदि द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही अपने सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य द्वारा योगदान देने वाले आदिवासी समुदाय के शासकीय कर्मचारियों का अभिनंदन भी किया जाएगा।साथ ही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन लाभकारी योजनाओं के आदिवासी लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम के उपरांत स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया है।समिति ने समस्त आदिवासी जनजातीय समुदाय के लोगों को बड़ी संख्या में आकर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेकर सफल बनाने की अपील की है।

### उधारी के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के मृगवास थानांतर्गत पैसे के लेन-देन में दो व्यक्ति आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसर फरियादी मेहराव पुत्र इब्राहिम खाँ निवासी गढ़ी मोहल्ला ने बताया कि करीब 4 महीने पहले उसने मामूर को 4 लाख रूपये दिए थे। जिसे उसके द्वारा बार-बार मांगने पर मामूर खाँ बाद में पैसे देने की बोल रहा। यहीं नहीं विगत दिनों उसने मेरे खिलाफ थाने में रिपोर्ट भी करा दी। बुधवार सुबह जब वह थाने पर अपने खिलाफ रिपोर्ट पता कर वापस घर जा रहा था। तभी कलारी के सामने मामूर खाँ, शाकिर खाँ एवं शाबिर खाँ मिले। मामूर सहित आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी।

### कोचिंग के लिए आवेदन 16 अगस्त तक

**गुना, देशबन्धु।** जिला संयोजक अनु. जाति एवं जनजातीय विभाग गुना ने बताया कि गुना अंतर्गत विभागीय जिला एवं खण्डस्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में (कन्या एवं बालक) आवासरत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर विषय की कोचिंग हेतु शासन द्वारा निर्धारित योग्यता रखने वाले शासकीय अथवा अशासकीय अनुभवी एवं योग्य शिक्षक उक्त कोचिंग हेतु अपने आवेदन 16 अगस्त तक संबंधित उत्कृष्ट छात्रावास में जमा किये जा सकेगें।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक 7 को

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन 7 अगस्त को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में किया जावेगा। बैठक में समस्त जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

एडीएम प्रथम कौशिक ने बताया कि प्रदेश में संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास समरसता यात्रा 25 जुलाई को प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ श्योपुर जिले से प्रारंभ होगी। 12 अगस्त को बडलूमा सागर में मंदिर का शिलान्यास कर यात्रा पूर्वता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा का उद्देश्य संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास के विचारों का प्रवर्तन करना तथा सांकेतिक रूप से प्रदेश के ग्रामों से मिट्टी एवं 313 नदियों का जल एकत्र कर बड़तूमा सागर में मंदिर निर्माण के लिए समाज को जोड़ना है। जिला अंतर्गत समरसता यात्रा के व्यापक प्रचार प्रसार एवं दीवार लेखन, दोपहर भोजन, विश्राम स्थल, जन संवाद स्थल का चयन, रूट निर्धारण, ग्राम में मुनादी, इत्यादि किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

जिले में 7 अगस्त को स्थान ब्लॉक बमोरी ग्राम पंचायत के सामने रामलीला मैदान में, दिनांक 8 अगस्त को ब्लॉक गुना अंबेडकर चौराह जिला पंचायत विश्राम भवन (शुभविदाई गार्डन), ग्राम आवन राधौगढ एवं ब्लॉक चांचौडा में कम्यूनिटी हॉल वार्ड क्र.15 बीनागंज में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए प्रभारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और सभी एसडीएम को विकास खण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# नवागत सीएमओ सक्सेना ने पदभार संभाला



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर परिषद बैरसिया से स्थानांतरण होकर आए मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने अपना कार्यभार स्थानीय नगरपालिका परिषद में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा एवं विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की मौजूदगी में संभाला। इस मौके पर नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सक्सेना ने कर्मचारियों की सामूहिक बैठक लेकर सभी कर्मचारियों से विभागवार परिचय प्राप्त किया। वहीं सीएमओ श्री सक्सेना ने कर्मचारियों को दो टूक लहजे में समझाईश देते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के साथ ही निकाय में अपने निजी कार्य के लिए आने वाले नागरिकों से अभद्रता नही करें, उनके कार्य को गंभीरता से समझकर निराकरण करें, अपने स्तर पर समस्या का समाधान नही होने पर मुझे अवगत कराएं हम वरिष्ठ कार्यालय से संवाद स्थापित कर समस्या का हल करवाने का प्रयास करेंगे। साथ ही कार्यालय समय पर उपस्थित होवे, प्रात: 10.30 बजे अपने कुर्सी पर सभी नजर आए और समय पर ही 6 बजे घर की ओर प्रस्थान करें। सीएमओ श्री सक्सेना ने नवाचार अपनाते हुए निर्णय लिया कि सप्ताह में एक दिन शुक्रवार का निश्चित कर विभागवार किए गए कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं सफाई के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई प्रभारी व कर्मचारियों को सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि हम कल से ही सफाई के कार्य को दुरूस्त करने का प्रयास करेंगे आप सभी जमादार अपने साथियों को प्रात: 7 बजे नियत स्थान पर मय हाजरी रजिस्टर के उपस्थित होवे।

इस संबंध में शीघ्र ही बैठक आहूत कर व्यवस्था सुधारी जाएगी। सीएमओ श्री सक्सेना ने कर्मचारियों की ओर से अपनी बात रखते हुए लेखाशाखा प्रभारी को 1 तारीख को कर्मचारियों की तनख्वाह मिल जाए, ऐसे प्रयास करने को कहा। नगरपालिका में कार्यरत सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ हम सब एक परिवार की भांति है और निकाय में आने वाले नागरिक, जनप्रतिनिधि हमारे अतिथि है, इसलिए शिष्टाचार का ध्यान रखें, अनुशासन में रहे। निकाय में आने वाले नागरिकों को किसी भी काम के लिए अन्यत्र भटकना नही पड़े इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषित की कार्यकारिणी

**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के चलते जिलेभर मे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं को पद वितरण कर कांग्रेस को लगातार मजबूत बनाते हुए विधानसभा की तैयारी तेजी के साथ चल रही है। इसी के साथ पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर की सहमति से शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर कार्यकर्ताओं को पद देते हुए नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। जाहिद खान ने बताया कि नगर उपाध्यक्ष पद पर देवबगस मेवाड़ा पटवारी , बन्ने खां मंसूरी, हेमंत सोनी, अरविद गुप्ता, फारूख पटेल, बाबूलाल श्रोत्रीय, इशरत अली बब्बन, को नियुक्त किया गया। वहीं महामंत्री पद पर तेजसिंह पाटीदार, गोविंद सोनी, राजेंद्र जैन,भुरू मुकाती, लखन खंडारे, मनोज नागर,सुभाष सोनी, महमूद अंसारी, अशोक मालवीय, राधेश्याम मालवीय ,आनंद परमार, पल्लवी प्रगति ,सुनील कचनारिया, मनीष डोंगरे को नियुक्त किया गया।

वहीं सचिव पद पर शीतल जैन, हरीश मेवाड़ा, वीरेंद्र ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, आमिर अली, शावेज अली, संतोष मालवीय,शेख राजा, अतीक बारी,राजेश चौहान,सचिन कोठारी, संजय मालवीय,देवराज मालवीय,ज्ञानसिंह मालवीय,रेवाराम विश्वकर्मा,भूपेंद्र जामलिया को नियुक्त किया गया। वहीं मीडिया प्रभारी शैलेष शर्मा, प्रवक्ता इसराईल मंसूरी को नियुक्त किया गया।

### जिले में अब तक 440.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

# रुक-रुककर होती रिमझिम बरसात, सिंगवासा तालाब हुआ लबालब

**गुना, देशबन्धु।** गुरुवार को दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। सुबह से शहर के आसमान में बादल छाए रहे। शहर के ऊपर छाए बादलों के चलते दिनभर शहर में रुक-रुक कर बरसात होती रही। दिनभर हुई बारिश के चलते शहरवासियों को गरमी उमस से काफी राहत मिली। वहीं दिनभर हुई बारिश के बाद शहर की सड़कों पर कीचड़ बनी रही। रिमझिम बारिश के चलते स्कूली बच्चों ने भीगने का लुत्फ उठाया। वहीं शहर के कई इलाकों में सीवर खुदाई के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर जलभराव के चलते कीचड़ होने से वाहन चालकों क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर जिले में बारिश का आंकड़ा 40 फीसदी को पार कर गया है। रिमझिम बारिश के चलते सिंगवासा तालाब लबालब होने को तैयार है। कुछ घंटों तेज बारिश के बाद शहरवासी यहां पानी के ओवरफ्लो का आनंद ले सकेंगे।



मौसम विभाग के मुताबिक जिले में 1 जून से अब तक 440.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 41.8 प्रतिशत है। जिले में गतवर्ष इसी अवधि में 675.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार 1 जून से 3 अगस्त सुबह 8 बजे तक तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 572.0 मिलीमीटर, बमौरी में 574.4 आरोन में 355.0, राघौगढ़ में 226.0, चांचौड़ा में 525.0 तथा वर्षामापी केन्द्र कुम्भराज में 391.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 5.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 1.8 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 8.0 मिमी., राघौगढ़ में 14.0 मिमी., चांचौड़ा में 5.0 मिमी. एवं वर्षामापी केन्द्र कुंभराज में 2.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

### आदमपुर छावनी में लगी आग के मामले में

# एनजीटी ने ननि पर लगाया पौने 2 करोड़ का जुर्माना



**भोपाल, देशबन्धु।** आदमपुर छावनी स्थित कचरा खंती में जमा कचरे में फरवरी माह में आग लग गई थी। इससे आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ था। अब इस मामले में राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) द्वारा नगर निगम पर 1करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही जुर्माने की राशि दो माह में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं। इस राशि का उपयोग आदमपुर छावनी के आसपास आग की वजह से हुई पर्यावरणीय क्षति को सुधारने में किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में आदमपुर कचरा खंती में लगी आग 15 दिन से अधिक समय तक सुलगती रही, लेकिन पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से इसे बुझाया नहीं जा सका था। इससे उत्पन्न वायु व भूजल प्रदूषण को लेकर पर्यावरणविद सुभाष सी पांडे ने एनजीटी में याचिक लगाई थी। इस याचिका पर एनजीटी द्वारा जांच के लिए संयुक्त समिति बनाई गई थी। समिति के सदस्यों ने जांच के दौरान पाया कि कचरा खंती में आग या आपातकाल से बचने के इंतजाम नहीं थे, जबकि इसके पहले 26 मई 2022 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी राज्यों को सुझाव जारी कर कचरा खंती में सुरक्षा के सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए थे। वहीं आग लगने के बाद भी कचरा खंती पर करीब 1.5 लाख क्यूबिक मीटर कचरा कच्ची जमीन पर पड़ा मिला। इस कचरे से उत्पन्न खतरनाक रसायन आसपास के खेतों और भूजल को प्रदूषित कर रहा है, जिससे आसपास के आधा दर्जन गांव के भूजल में आयरन की मात्रा बढ़ गई है, ग्रामीण बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। एनजीटी ने संयुक्त समिति की सिफारिस को स्वीकार करते हुए और नगर निगम के खिलाफ एक करोड़ 5 लाख रुपए के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति को और बढ़ाते हुए , एक करोड़ 80 लाख रुपए कर दिया है। एनजीटी ने जुर्माने की राशि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास जमा करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई नगर निगम और मप्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) के द्वारा एनजीटी के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद 15 नवंबर को होगी।

## पर्यावरण सुधार के लिए 3 माह में बनाएं योजना

एनजीटी ने इस मामले में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मप्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कलेक्टर और डीएफओ भोपाल को पर्यावरण सुधार के लिए एक कमेटी बनाने को कहा है। ये कमेटी आगामी दो माह में जुर्माने की राशि एक करोड़ 80 लाख रुपए खर्च करने की योजना बनएगी, जिससे अगले तीन में लागू किया जाएगा।

# 13 जिलों में अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी



***भोपाल, देशबन्धु।*** *उत्तरी छत्तीसगढ़ पर पिछले 24 घंटों से बना अवदाब का क्षेत्र गुरुवार शाम को कुछ कमजोर पड़कर अति कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होकर उसी स्थान पर बना हुआ है। वहीं मानसून द्रोणिका भी कुछ नीचे आकर पंजाब एवं उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रही है। इन दो मौसमी सिस्टमों के असर से पूर्वी मध्य प्रदेश में भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को जबलपुर, नर्मदापुरम, रायसेन सहित 13 जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की लाल चेतावनी जारी की गई है। वहीं 16 जिलों में आरेंज और 15 जिलों में पीली चेतावनी दी गई है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक वर्तमान में उत्तरी छत्तीसगढ़ पर अति कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं मानसून द्रोणिका अमृतसर, करनाल, मेरठ, हमीरपुर, उत्तरी छत्तीसगढ़ पर बनी मौसम प्रणाली से होकर बालासोर होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि अति कम दबाव के क्षेत्र के काफी मंद गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने हुए उत्तर-पूर्वी मप्र और उससे लगे दक्षिणी उत्तर प्रदेश पर पहुंचने के आसार हैं। इनके असर से शुक्रवार-शनिवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, कटनी एवं पन्ना जिले में अत्यधिक भारी वर्षा की लाल चेतावनी जारी की है। वहीं रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, हरदा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, भिंड एवं दतिया जिले में अति भारी वर्षा की नारंगी और सीधी, सिगरौली, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, धार, इंदौर, देवास, शाजापुर, ग्वालियर, दतिया, मुरैना एवं श्यौपुरकलां जिले में मध्यम से भारी बारिश की पीली चेतावनी जारी की है।*

*उधर, गुरुवार को सुबह से शाम तक नरसिंहपुर में 137, पचमढ़ी में 68, सिवनी में 60, उमरिया में 48, सतना में 34, सागर में 29, रायसेन में 28, छिंदवाड़ा में 26, नर्मदापुरम में 25, जबलपुर में 17.4, शिवपुरी में 17, मलाजखंड में 16, खजुराहो में 15.4, मंडला में 15, रीवा में 11, भोपाल में 10.2, ग्वालियर में 9.4, बैतूल में आठ, दमोह में सात, नौगांव एवं गुना में चार, सीधी में तीन, खंडवा में दो, इंदौर में 0.3, उज्जैन में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई।*

# 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तारीख घोषित




**भोपाल, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाओं की तारीख घोषित कर दी गई है। इस बार सैद्धांतिक परीक्षाएं होने के बाद प्रायोगिक आयोजित होंगी। नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं जहां पांच मार्च से 20 मार्च तक संपन्न होंगी। वहीं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं सैद्धांतिक परक्षा के दौरान ही पांच फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

माशिमं ने इस संबंध में समय-सारिणी और जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर आयोजित होंगी। इनकी तिथियां और समय ज्ञात करने के लिए प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष से संपर्क किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर प्रायोगिक परीक्षाएं अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेगी। गौरतलब है कि माशिमं की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में नियमित और स्वाध्यायी करीब 20 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

## 10वीं का प्रश्नपत्र 75 व आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक का होगा

10वीं में सभी विषयों का प्रश्नपत्र 75 अंक का होगा। वहीं आंतिरक मूल्यांकन 25 अंक का होगा। स्वाध्यायी विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा। वहीं 12वीं का प्रायोगिक विषयों का प्रश्नपत्र 70 अंक का सैद्धांतिक और प्रायोगिक 30 अंक का होगा। ऐसे ही बिना प्रायोगिक विषयों का प्रश्नपत्र 80 और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। वहीं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्राप्तांक का 100 प्रतिशत अधिभार देकर अंकसूची तैयार की जाएगी। उदाहरण के तौर पर 10वीं में किसी भी विषय का प्रश्नपत्र 75 अंक है और विद्यार्थी को प्राप्तांक 45 आया है तो उसके प्राप्तांक का 100 प्रतिशत अधिभार 15 है। ऐसे में इस विद्यार्थी को 45 व 15 अंक मिलाकर 60 अंक मिलेंगे ।

## डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 17 से

**उधर** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा संचालित सत्र 2023 में डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड ) की (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम) प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 17 अगस्त से शुरू हो रही हैं। ये परीक्षाएं सुबह आठ से 11 बजे बीच संपन्न होंगी, ताकि स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित ना हो। परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। परीक्षा तय कार्यक्रम के अनुसार होगी। सभी जिलों में केंद्र बनाने के लिए स्कूल के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के संबंध में जल्द ही आदेश जारी होंगे। हालांकि इस बार उत्कृष्ट, माडल और सीएम राइज स्कूलों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। उल्लेखनीय हैं कि प्रदेश के सभी जिलों से करीब एक लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

# नर्स को अविवाहित बताकर किया दुष्कर्म

## रुपए और जेवर भी ऐंठे

**भोपाल, देशबन्धु।** मिसरोद पुलिस ने एक निजी अस्पताल की नर्स की शिकायत पर होशंगाबाद निवासी युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि आरोपी ने महिला के जेवरात और करीब 90 हजार रुपये भी ऐंठ लिए हैं। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मिसरोद इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय महिला एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती है। दिसंबर 2022 में वह एक शादी समारोह में पिपरिया नर्मदापुरम गई थी, जहां उसकी मुलाकात अंकित नामक युवक से हुई थी। अंकित होशंगाबाद का रहने वाला है। कुछ दिनों में दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई, जिसके बाद अंकित का महिला के घर आना-जाना शुरू हुआ। इस दौरान उसने जल्द ही शादी करने का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। अंकित ने महिला से काम के बहाने 90 हजार रुपये और उसके जेवरात भी ले लिये थे। नर्स ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो अंकित आनाकानी करने लगा। पीड़िता ने अपने स्तर पर पता लगाया तो मालूम चला कि वह पहले से शादीशुदा है। परेशान होकर महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मिस काल से हुई दोस्ती का फायदा उठाकर किया दुष्कर्म

उधर बागसेवनिया इलाके में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया गया है कि एक साल पहले आरोपी का फोन गलती महिला के मोबाइल पर लग गया था, इसके बाद महिला और आरोपित की दोस्ती हो गई थी। बाद में आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और वह महिला का शोषण करने लगा था। पुलिस के मुताबिक गोविंदपुरा में रहने वाली 28 वर्षीय महिला अपने पति से अलग रहती है। करीब एक साल पहले महिला के पास बाबू बंगाली उर्फ यश लालवानी नाम के युवक का गलती से फोन आया था। उसके बाद से उनकी अक्सर फोन पर बात होने लगी। बाबू ने उसे भरोसा दिलाया कि वह उससे प्यार करने लगा है और उससे शादी करेगा। एक दिन उसने महिला को होटल में मिलने बुलाया और उसे साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी युवक करीब एक साल तक महिला के साथ ज्यादती करता रहा। जब भी महिला पूछती की हम शादी कब कर रहे हैं, तो वह टाल देता। लेकिन गत दिवस उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद महिला ने थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कराया है।

# सुधीर सक्सेना को वसुंधरा सम्मान



**भोपाल, देशबन्धु।** कीर्तिशेष देवीप्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान इस वर्ष सुपरिचित पत्रकार-लेखक सुधीर सक्सेना को प्रदान किया जाएगा। सुविख्यात पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति के सदस्यों गिरीश पंकज, ई.वी.मुरली, समीर दीवान, राजेश गनोदवाले, राघवेंद्र प्रताप सिंह, वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष डा.अरुण कुमार श्रीवास्तव और सचिव मुमताज़ ने इस निर्णय की जानकारी दी है। सम्मान समारोह स्व. देवी प्रसाद चौबे की 47 वीं पुण्यतिथि पर 14 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

निर्णायक समिति ने अपने वक्तव्य में कहा है कि सुधीर सक्सेना राष्ट्रीय ख्याति के पत्रकार हैं जिनका छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान है। 1978 से लेकर अब तक उन्होंने अनेक पत्र-पत्रिकाओं में विपुल लेखन किया है। सुधीर सक्सेना के 14 कविता संग्रह, वैदेशिक एवं भारतीय भाषाओं में अनुवाद की 11 पुस्तकें, कथेतर गद्य की अन्य 18 पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में गांधी, मप्र में आज़ादी की लड़ाई और आदिवासी, भुमकाल, छत्तीसगढ़ में मुक्तिसंग्राम और आदिवासी, गुण्डाधुर एक योद्धा जैसी पुस्तकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि पर महत्वपूर्ण लेखन किया है। वे माधवराव सप्रे पुरस्कार, पुश्किन सम्मान, वागीश्वरी सम्मान, प्रमोद वर्मा सम्मान, शमशेर सम्मान, जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हैं। इन दिनों वे पाक्षिक पत्रिका दुनिया इन दिनों का सम्पादन कर रहे हैं। वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 23 वां आयोजन है।

# अपने कर्मचारियों की देखभाल करें, वे आपके व्यवसाय की देखभाल करेंगेः गुलाटी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के एचआरडी फोरम ने अपनी बैठक एचईजी लिमिटेड मंडीदीप में आयोजित की। बैठक में एचईजी लिमिटेड के जीएम-एचआर अक्षय सक्सेना ने एचईजी लिमिटेड की अच्छी प्रथाओं और कार्यप्रणाली पर प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि एचईजी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक मनीष गुलाटी ने मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व, प्रथाओं और चुनौतियों पर मुख्य भाषण दिया। सभा के लिए उनका संदेश था अपने कर्मचारियों की देखभाल करें और वे आपके व्यवसाय की देखभाल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 99त्न कर्मचारी अपने मालिकों के कारण संगठन छोड़ देते हैं।

मध्यप्रदेश के एचआरडी फोरम के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने एचआरडी फोरम के सदस्यों के बीच विभिन्न चुनौतियों और अनुभव साझा करने पर एक ओपन हाउस सत्र आयोजित किया। विशिष्ट अतिथि निर्विकार वर्मा ने शिरकत की। दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ कमांडेंट ने तीन दशक से अधिक के अपने करियर के अपने विचार और अनुभव व्यक्त किए। वक्ताओं को उनके योगदान के लिए धन्यवाद देने के लिए स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में संध्या प्रकाश समूह, वर्धमान समूह, नाहर स्पिनिंग मिल्स, भास्कर इंडस्ट्रीज, एंड्रीस हाइड्रो, इन्सुलेटर्स एंड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, एलएनसीटी, गोदरेज फूड्स, माखनलाल विश्वविद्यालय, सरकारी राजाभोज कॉलेज और विभिन्न अन्य उद्योगों, विश्वविद्यालयों और संगठनों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। संचालन शमित तिवारी व जनमार्ग समिति के अध्यक्ष शैलेश मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. रहली संभाग

**जन समस्या निवारण शिविर**

शिविर आयोजन दिनांक 03 अगस्त 2023 से 13 अगस्त 2023

| क्रं. | संभाग का नाम | वितरण केन्द्र का नाम | शिविर में उपस्थित रहने वाले अधिकारी का नाम एवं पद | शिविर लगाने का दिनांक | शिविर लगाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रहली | केसली प्रथम | श्री आर आर कारपेंटर प्रभारी परीक्षण सहायक श्रेणी | 04/08/2023 | पटनाखुर्द |
| | | | | 07/08/2023 | नाहरमउ |
| | | | | 09/08/2023 | पलोह |
| | | | | 10/08/2023 | केवलारी |
| | | | | 11/08/2023 | जैतपुर |
| 2 | रहली | केसली द्वितीय | श्री संजय रघुवंशी सहायक अभियंता | 04/08/2023 | सहजपुर |
| | | | | 07/08/2023 | कुसमी |
| | | | | 09/08/2023 | महका |
| | | | | 10/08/2023 | तेन्दूडाबर |
| | | | | 11/08/2023 | सरियापानी |
| 3 | रहली | गौरझामर | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | गुगवारा |
| | | | | 07/08/2023 | बरकोटी कला |
| | | | | 09/08/2023 | खैराना |
| | | | | 10/08/2023 | चरगुवा |
| | | | | 11/08/2023 | मढ़ी |
| 4 | रहली | देवरी ग्रामीण | श्री भगवान सिंह टेकाम सहायक अभियंता | 04/08/2023 | चीमाढाना |
| | | | | 07/08/2023 | मोकला |
| | | | | 09/08/2023 | मानेगाव |
| | | | | 10/08/2023 | छीर |
| | | | | 11/08/2023 | बीना बारहा |
| 5 | रहली | महाराजपुर | श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | खकरिया |
| | | | | 07/08/2023 | तीतरपानी |
| | | | | 09/08/2023 | महाराजपुर |
| | | | | 10/08/2023 | विजोरा |
| | | | | 11/08/2023 | सिमरिया |
| 6 | रहली | देवरी नगर | श्री मन्दीप डिम्हा प्रभारी परीक्षण सहायक श्रेणी 2 | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |
| 7 | रहली | गढ़ाकोटा पूर्व | श्री राहुल शह सहायक अभियंता | 04/08/2023 | बलेट |
| | | | | 07/08/2023 | उदयपुरा |
| | | | | 09/08/2023 | गुनजौरा |
| | | | | 10/08/2023 | पिपरिया गोपाल |
| | | | | 11/08/2023 | रोन |
| 8 | रहली | गढ़ाकोटा पश्चिम | श्री अमित पटेल कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | चौरई |
| | | | | 07/08/2023 | हरदी |
| | | | | 09/08/2023 | कुमेरिया |
| | | | | 10/08/2023 | चनौआ |
| | | | | 11/08/2023 | बसारी |
| 9 | रहली | गढ़ाकोटा नगर | श्री ओ. पी. अग्रवाल कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |
| 10 | रहली | रहली ग्रामीण | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | पटना |
| | | | | 07/08/2023 | छिरारी |
| | | | | 09/08/2023 | चांदपुर |
| | | | | 10/08/2023 | जूना |
| | | | | 11/08/2023 | काछीपिपरिया |
| 11 | रहली | रहली नगर | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 04/08/2023 | कार्यालय परिसर |
| | | | | 07/08/2023 | |
| | | | | 09/08/2023 | |
| | | | | 10/08/2023 | |
| | | | | 11/08/2023 | |

**कार्यपालन अभियंता ( सं./सं. )**
**म.प्र.पु.क्षे.वि.वि.कं. लि. संभाग- रहली**

Phone No. 07578- 252027 Fax No. 07578-252441

## कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी

क्रं. 69/मेला/1213 दिनांक 02.08.2023

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | टेंण्डर फार्म की राशि | टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 वर्ष हेतु (नागपंचमी एवं शिवरात्रि) मेला दौरान) 06 नग अस्थाई टिन शेड | 75000/- | 2000/- | 500/- | 07.08.2023 समय 16.00 बजे |

कृपया ध्यान रहे इसके पश्चात टेंडर से संबंधित समस्त सूचना नोटिफिकेशन संशोधन गर्वमेंट की ई-प्रिक्योरमेंट साईट पर प्रकाशित किये जावेंगे। टेंडर गर्वमेंट की ई-प्रिक्योरमेंट पोर्टल www.eprocure.gov.in के माध्यम से जमा करना होगा।

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**

## कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

दूरभाष (07575) 278264 email-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1905/लो.नि.वि./ई-टेंडर्स/2023 सोहागपुर दिनांक 03.08.2023

### ई-निविदा आमंत्रण

नगर परिषद सोहागपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | क्रं. टेंडर | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | नवीन पंजीयन अनुसार | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_294564_1 | स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत लिंगेसी वेस्ट डंप सहित रेमेडिएशन परियोजना | 6451500/- | 48386/- | 10000/- | पंजीकृत ठेकेदार | 16.08.2023 |

नोटः- प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in/nicgep/app से एवं नगर परिषद सोहागपुर की लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती लता यशवंत पटैल**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद सोहागपुर**

**श्रीमती कविता दीपक साहू**
**सभापति लो.नि.वि.**
**नगर परिषद सोहागपुर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सोहागपुर**
**जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

# बौद्ध भिक्षुओं के साथ मारपीट के विरोध में मुख्यमंत्री निवास का घेराव 6 को

**भोपाल, देशबन्धु।** असामाजिक तत्वों द्वारा बौद्ध विहार में जबरन घुस कर बौद्ध भिक्षु के साथ मारपीट कर उन्हे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके विरोध में बौद्ध धर्म के लोग मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर अपराधियो की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री,भोपाल के धम्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने बताया कि गत 28 जुलाई दोहपर को भिंड जिले के गांव करोरी के स्थित बौद्ध विहार में दबंगों द्वारा बौद्ध धम्मगुरू भंते के साथ बौद्ध विहार में जबरन घुसकर मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई और धार्मिक अनर्गल नारेबाजी करने के विरोध में मध्य प्रदेश का बौद्ध समाज एवं अनुसूचित जाति-जनजाति समाज, विभिन्न बौद्ध विहार, सामाजिक संगठन और धार्मिक संस्थाओं तथा बौद्ध धर्मगुरु के द्वारा जंगी विशाल पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री का घेराव किया जाएगा। सभी बौद्ध धर्म के लोग छह अगस्त को दोपहर 12 बजे प्लैटिनम प्लाजा, माता मंदिर चौराहे पर एकत्रित होंगे, यहां से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचेंगे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **पार्थ मालवीय** उम्र 24 वर्ष पिता श्री डॉ. प्रमोद मालवीय माता श्रीमती अंजली मालवीय निवासी उदय परिसर खंडेलवाल इंटरप्राईजेस के पीछे डॉन बास्को सदर बैतूल पिन नं. 460001 का निवासी हूं। मेरा सही एवं वास्तविक नाम पार्थ मालवीय है जो कि सत्य एवं सही होकर मेरे आधार कार्ड, समग्र आई.डी., शाला अभिलेख में भी यही नाम दर्ज है। मेरे नाना द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिविल लाईन बैतूल में पी.पी.एफ **खाता क्रं. 10479701235** जिसका सी.आई.एफ नं. **80376227304** की पॉलिसी करवायी गयी थी जो कि वर्तमान में परिपक्व हो चुकी है जिस कारण उक्त राशि प्राप्त करना चाहता हूं। उक्त पी.पी.एफ खाते में मेरा नाम घरेलू नाम प्रांशेल मालवीय दर्ज करवा दिया गया था। उक्त खाते में नामनी के रुप में मेरी माता श्रीमती अंजली मालवीयय का नाम पूर्व से दर्ज है। जबकि वास्तविकता यह है कि इस खाते के समय मेरा घरेलू नाम प्रांशेल मालवीय ही था जो कि आगे चलकर शासकीय अभिलेख एवं शाखा अभिलेखों में नाम **पार्थ मालवीय परिवर्तित** हो गया है अर्थात उक्त दोनों नाम मेरे ही है।

सो जाहिर सूचना जारी होवे।

बैतूल
दिनांक 3 अगस्त 2023

**प्रार्थी-पार्थ मालवीय उर्फ प्रांशेल मालवीय**
**उदय परिसर खण्डेलवाल इंटरप्राईजेस के पीछे**
**डॉन बास्को सदर बैतूल**

भोपाल, शुक्रवार 4 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि 'इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।' वे तो यहां तक कह गये कि 'किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।' वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवतः भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढे से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफ़ूज़ रहता है। इसका कारण यही है- उत्तरदायित्वहीनता।

हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नज़रंदाज़ ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।' उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान ही 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश-दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकेंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इज़हार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार-बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठप्प रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून-व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है।

अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें- उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि 'मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगा'

# हम सब ज़हरीली गैस से भरे गुब्बारे हो गए हैं

कबीले के सरदार ने अपने एक लड़ाके को दुश्मन कबीले के भीतर दाखि़ल होकर एक आदमी को जान से मारने के लिए भेजा। उसे बताया गया था कि उस आदमी के पास हमारे कबीले को तबाह करने की ताकत है और जो उसे मार दिया तो हम हर खतरे से मुक्त हो जाएंगे। उसे बताया गया कि उस कबीले में हमारा एक आदमी पहले से खु़फ़िया ढंग से मौजूद है जो वहां पहुंचते ही कैसे और किसे मारना है, इसकी योजना समझा देगा। अपने कबीले को बचाने का जोशीला भाषण सुन लड़ाका तुरंत तैयार हो गया और चल पड़ा अपना भाला और तीर-धनुष लेकर। रास्ते में घना जंगल था। अंधेरा होने पर वह सतर्क था लेकिन एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। होश आया तो वह एक मचान पर दो लोगों से घिरा हुआ था। उनमें से एक युवा था और दूसरा कुछ उम्रदराज़। पास में कुछ खाना और पानी रखा हुआ था। लड़ाके को होश में आया देख दोनों के चेहरे पर खु़शी और तसल्ली का भाव था। उम्र में बड़े व्यक्ति ने फख्र से अपनी जड़ी-बूटी की ओर इशारा करते हुए बताया कि तुम पर तो एक बाघ ने हमला कर दिया था, वो तो सही समय पर तुम्हें इसने देख लिया वरना तुम्हारा बचना नामुमकिन था। लड़ाके की आंखों में विनम्रता और धन्यवाद का भाव था। दोनों ने मिलकर लड़ाके के साथ भोजन किया और शिकार से जुड़े अपने कई अनुभव भी साझा किये। अगले दिन सुबह लड़ाका विदा हुआ तो उसे लगा जैसे किसी मित्र से जुदा हो रहा है। अनुभवी व्यक्ति से उसने हाथ जोड़कर विदा ली, मानों जान बचाने का आभार व्यक्त कर रहा हो। जिस उद्वेलित मन से वह घर से चला था अब वह कमोबेश शांत और खुश था। दो दिन के सफर के बाद वह उस कबीले के अड्डे पर पहुंचा। पहुंचते ही उसके खु़फ़िया साथी ने जिस आदमी को उसे मारना था उसका चेहरा दिखाया। वह हैरान रह गया क्योंकि वह जंगल में उसकी जान बचाने वाला वही उम्रदराज़ व्यक्ति था। लड़ाके के हाथ जैसे भारी हो गए थे। भाला उठता ही न था और अचानक से उसने फ़ैसला लिया। चाहे कुछ भी हो जाए वह उन पर हाथ नहीं उठाएगा। आखि़र क्यों मारना चाहिए मुझे इन्हें? ये भी मेरे जैसे हैं, मेरी ही तरह जीवन की चुनौतियों को जी रहे हैं। मैं इन्हें नहीं मार सकता।

इस छोटी सी कहानी को यहां लिखने का मकसद केवल इतना है कि मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है और उनके जरिये अनजान लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सड़कों पर लोगों के वाहन फूंके जा रहे हैं। उनकी अलग पहचान स्थापित की जा रही है ताकि दूरियां बन सके। समूचा प्रचारतंत्र इस काम में झोंक दिया गया है। उसके बाद एक संविधान से चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में घृणित अपराधों को अंजाम देने वालों को कवच भी दिया जाता है। हमने सुना था कि पहले दंगा भड़काने के लिए मंदिरों के सामने गाय और मस्जिद के सामने सूअर काटकर फेंक दिए जाते थे। बलवा करवाने वालों का काम हो जाता था।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**मानव मन भाई-चारे के साथ जीना चाहता है लेकिन स्वार्थी ताकतें हर युग में उसे या उसके समूह को बस में करना चाहती हैं- कभी ताकत से तो कभी सम्मोहन से। देश में भी अब ऐसी ताक़तें अब और ज़्यादा ताकतवर हो गई हैं जो सीधे सरल इंसान को पहले उन्मादी बना रही है और फिर भीड़ बनकर हमलावर। इंसानों को गुब्बारा बनाकर उनमें ज़हरीली गैस भरी जा रही है।**

हाल ही में अनुभव सिन्हा ने 'अफ़वाह' नाम की बढ़िया फिल्म बनाई है। भीड़ जिस ट्रक को गौमाता का समझकर पीछा करती है उसमें से गधे बाहर आते हैं। इस नए ज़माने में अब खुद को गौरक्षक बताने वाला वीडियो भेजकर चुनौती देता है, उकसाता है और फिर ब्रज अंचल से लगे हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा कई लोगों की जान ले लेती है। व्यवस्था इन दंगों को किसी साज़िश का नतीजा बताकर मुंह पर चादर लपेट कर सो जाती है। ये दंगाई कई सालों से कभी लोगों के फ्रिज में गौमांस ढूंढते हैं तो कभी जानवरों से भरी गाड़ियों को कसाईखाने ले जाई जा रही बताकर भीड़ द्वारा हमला करा देते हैं। चालक को मार देते हैं और जहरीली गैस से भरे गुब्बारे इकट्ठा कर फ़साद करा दिए जाते हैं। ये गुब्बारे 2017 से ट्रेन में भी चढ़ रहे हैं। तब 17 साल के एक बच्चे को ट्रेन में सीट साझा करने के विवाद में मार दिया गया था। अब ये गुब्बारे वर्दी में भी होते हैं। ये यात्रियों की रक्षा के लिए दी गई बन्दूक का इस्तेमाल उन्हें ही मौत के घाट उतारने में कर रहे हैं। देशवासियों में ऐसा डर बैठ गया है कि वे अब यात्रा से डरने लगे हैं। बेरोज़गारी और बेहिसाब मंहगाई से जूझते इंसान बड़ी आसानी से ऐसे गुब्बारों में तब्दील हो रहे हैं। भारत के एक फीसदी अमीरों के पास देश की चालीस फ़ीसदी समृद्धि पर कब्ज़ा हो और पचास प्रतिशत के पास केवल तीन फ़ीसदी संसाधन हो तो इस अभाव में ज़हर भरना कौन सा मुश्किल काम है?

तब क्या कोई उम्मीद नहीं है? मणिपुर, नूंह और ट्रेन में हत्याएं होती रहेंगी और महावीर, बुद्ध और गांधी का यह देश इसी तरह खून से सना रहेगा? कभी अंग्रेज़ों के आगे अपने बलिदान का लहू बहाने वाले देश में अब बेवजह बेगुनाहों का खून बहता रहेगा? क्या हुक्मरान इस खून को अपने वोटों की फसल के लिए खाद की तरह देख रहे हैं? अगर नहीं तो खुलेआम नरसंहार की बात करने वाले क्यों अब तक आज़ाद घूम रहे हैं? क्यों धार्मिक जुलूसों को वही रास्ता चुनना है जहां दंगा भड़क सकता है और क्यों पुलिस उन्हें यह अनुमति भी देती है? उम्मीद की किरण उत्तर प्रदेश के बरेली से आती दिखाई देती है जहां के पुलिस कमिश्नर प्रभाकर चौधरी ने कावंड़ियों की उस ज़िद को नहीं माना जिसमें वे अपना निर्धारित रास्ता बदलना चाहते थे। नतीजतन चंद घंटों में प्रभाकर का तबादला कर दिया गया। 2010 बैच के इन आईपीएस अधिकारी के अब तक 21 बार तबादले हो चुके हैं। अधिकारी जिसकी वजह से बवाल होने से बच गया उसे सम्मान की जगह ट्रांसफर मिलता है। अधिकारी के पिता का साफ़ कहना है कि उनका बेटा बेहद ईमानदार ऑफिसर है और नेताओं से ज़रूरी दूरी बनाए रखता है। इसी का नतीजा है कि बार-बार उसका तबादला कर दिया जाता है। उम्मीद से भरी टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की है जब मणिपुर की हिंसा को लेकर न्यायाधीश ने पूछा कि कितने लोग गिरफ़्तार हुए, कितनी एफआईआर दर्ज़ हुई और क्या दो महीने हालत ऐसे थे कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो चुकी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने वह किया है जो सरकार या फिर केंद्र सरकार को करना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के डीजीपी को जानकारी देने के लिए हाज़िर होने के लिए कहा है। यदि कोर्ट द्वारा जनता के लिए अधिकारी को यूं तलब करना पड़े, तो यह वही परिस्थिति है कि कार्यपालिका अपने कर्तव्य में नाकाम रही है।


एक बात और है। जो पक्ष-विपक्ष की बहस में उलझेंगे तो नुकसान और ज़्यादा होगा। अभी नूंह से गरीब मजदूरों का पलायन हो रहा है। बाद में पूरे देश से होगा। उद्योग चौपट होंगे। आग में सबसे पहले घर बचाना ज़रूरी है। ये नेता लोग सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए कभी भी किसी भी छतरी के नीचे चले आते हैं और आप इनके लिए लड़ने मरने को तैयार रहते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है-'चार बातें ध्यान में रखने लायक हैं: आज का नारा- जय जगत, हमेशा का नारा- जय जगत, हमारा नारा- जय जगत, सबका नारा- जय जगत। आज का, कल का, परसों का नारा यही है। इसी से उद्धार होने वाला है। ऐसा तभी होगा जब सोच में एकरूपता आएगी अन्यथा अनेक कारणों दरारें पड़ेंगी, धर्मभेद, जातिभेद, पंथभेद, भाषाभेद, ऐसे टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। समाज की गाड़ी यहीं रुकी हुई है। सब एक दूसरे का हित देखें। इसी में सबका कल्याण है।

**( लेखिका स्वतन्त्र पत्रकार हैं )**

# इंडिया बनाम भारत या इंडिया जो भारत है?

पिछले नौ सालों से भाजपा हमारे देश पर शासन कर रही है। विपक्षी पार्टियों को धीरे-धीरे यह समझ में आया कि भाजपा सरकार न तो संविधान की मंशा के अनुरूप शासन कर रही है और न ही उसकी रूचि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समावेशी भारत के निर्माण में है। भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों को कमज़ोर करने के लिए कर रही है। इसके अलावा, उसकी नीतियां सरकार के साथ सांठगांठ कर अपना उल्लू सीधा करने वाले पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली हैं। वह प्रजातांत्रिक अधिकारों को भी कुचल रही है। उसकी राजनीति राममंदिर, लवजिहाद और अन्य अनेक किस्मों के जिहादों, गाय, गौमांस और पहचान से जुड़े मुद्दों के अलावा, हमारे एक पड़ोसी देश पर अति-राष्ट्रवादी कटु हमले करने पर केन्द्रित है। उसकी नीतियों से आम लोगों, और विशेषकर गरीब और कमज़ोर वर्गों, की परेशानियां बढ़ीं हैं। चाहे वह नोटबंदी हो, कुछ घंटों के नोटिस पर देशव्यापी कड़ा लॉकडाउन लगाने का निर्णय हो, बढ़ती हुई बेरोजग़ारी और महंगाई हो या दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों के दमन में बढ़ोतरी हो- इन सबसे आम लोगों को ढेर सारी परेशानियां भुगतनी पड़ रही हैं।

भाजपा इस देश की सबसे धनी पार्टी है। उसने इलेक्ट्रोरल बांड्स के ज़रिये अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। पीएम केयर फण्ड भी पार्टी की तिजोरी भरने का साधन बन गया है। इसके अलावा, पार्टी को आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठनों के लाखों कार्यकर्ताओं के रूप में प्रचारकों की एक विशाल फ़ौज उपलब्ध है। ये सभी चुनाव के दौरान और वैसे भी भाजपा के लिए काम करते हैं।


राम पुनियानी

**विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है।**

इस पृष्ठभूमि में गैर-भाजपा पार्टियों ने च्इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय विकास और समावेशिता गठबंधन) का गठन किया है। इस गठबंधन को बैंगलोर में इन पार्टियों के दूसरे सम्मलेन में आकार दिया गया। बैंगलोर में 26 राजनैतिक दलों ने प्रजातंत्र और संविधान को बचाने और भाजपा, जिसका संगठन मतदान केंद्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है और जो एक बढ़िया मशीन की तरह काम करता है, से मुकाबला करने के लिए एक साथ मिल कर काम करने का निर्णय लिया है।

इस संगठन के ठोस स्वरूप लेने से भाजपा चौंकन्ना और परेशान हो गई। सबसे पहले उसने एनडीए (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन) को डीप फ्रीजर से बाहर निकाला। इसमें 38 पार्टियां शामिल हैं, जिनमें से कुछ को छोड़कर सभी अनजान हैं। एनडीए के सम्मलेन में जो बैनर लगाया गया था उसमें केवल शीर्ष नेता का चित्र था और बाकी पार्टियों के नेता उनके आगे दंडवत कर रहे थे।

विपक्षी गठबंधन को इंडिया का नाम देने का निर्णय सचमुच बेहतरीन था और इससे भाजपा और उसके साथी बहुत घबरा गए। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को भला-बुरा कहने के अलावा यह भी कहा कि इस नाम का इस्तेमाल अनुचित है। उनके अनुसार इससे चुनाव में मतदाता भ्रमित हो सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने खबर दी है कि इस सिलसिले में दिल्ली के बाराखम्बा पुलिस थाने में एक शिकायत भी भाजपा नेताओं ने दर्ज करवाई है।

भाजपा नेता और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा इस बहस को एक कदम और आगे ले गए। उनके अनुसार इंडिया और भारत शब्द दो अलग-अलग सभ्यताओं के प्रतीक हैं। अंग्रेजों ने हमारे देश को इंडिया का नाम दिया था और हमें इस औपनिवेशिक विरासत से स्वयं को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने 'भारत' के लिए संघर्ष किया था और हमें भारत के निर्माण के लिए काम करना चाहिए।

सरमा पर तीखा पलटवार करते हुए कांग्रेस के जयराम रमेश ने ट्वीट किया:' उनके (सरमा) गुरूजी, श्री मोदी ने पहले से चली आ रही योजनाओं को नए नाम दिए- स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से 'टीम इंडिया' के रूप में काम करने को कहा। यहां तक कि उन्होंने 'वोट इंडिया' की अपील भी की। ज्योंही 26 पार्टियों ने अपने गठबंधन को इंडिया का नाम दिया, उन्हें फिट आ गया और वे इंडिया शब्द के इस्तेमाल को 'औपनिवेशिक मानसिकता' का प्रतीक बताने लगे।'

प्रधानमंत्री इससे इतने परेशान हो गये कि उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल को 'बीजेपी फॉर इंडिया' से 'बीजेपी फॉर भारत' में बदल दिया। प्रधानमंत्री के सभ्यताओं और मूल्यों के टकराव की बात करते ही हिन्दुत्ववादी लेखकों में इस मुद्दे पर लिखने की होड़ मच गयी। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने लिखा, 'भारत को मात्र संविधान से बंधे एक राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करना उसके इतिहास, उसकी प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता की उपेक्षा करना है।' इसी गुट के अन्य लेखक तर्क दे रहे हैं कि सभ्यतागत मूल्यों को भारतीय संविधान के मूल्यों पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

भारतीय सभ्यता की इन लेखकों की व्याख्या संकीर्ण है और केवल हिन्दू धर्म की ब्राह्मणवादी परंपरा पर केन्द्रित है। वे भारतीय सभ्यता की हूण और यूनानी सभ्यता से अंत:क्रिया को नजरअंदाज़ कर रहे हैं और भारत में इस्लाम और ईसाई धर्म के आगमन को नीची निगाहों से देखते हुए उसे हमारी सभ्यता पर 'विदेशी आक्रमण' ठहरा रहे हैं। यह आख्यान, जवाहरलाल नेहरु की भारतीय सभ्यता की समझ से एकदम उलट है। नेहरु ने लिखा है, 'भारत एक ऐसी स्लेट है जिस पर एक के बाद अनेकानेक परतों में नए-नए विचार लिखे गए परन्तु कोई भी नयी परत, पिछली परत को पूरी तरह छुपा या मिटा न सकी।'

हेमंत सरमा एंड कंपनी के लिए भारतीय संस्कृति का अर्थ है वह कथित गौरवशाली काल जब ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला था। वे तो चार्वाक, बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक और भक्ति-सूफी संतों जैसे विशुद्ध भारतीयों की परंपरा को भी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। वे रोमिला थापर, इरफ़ान हबीब, रामशरण शर्मा और हरबंस मुखिया जैसे 'वामपंथी' इतिहासकारों से नफरत करते हैं क्योंकि उनकी दृष्टि में भारतीय सभ्यता का अर्थ है जाति और लिंग आधारित ऊंच-नीच। इन मेधावी इतिहासविदों ने समाज के गहरे सच को उजागर किया। उन्हें केवल 'शासक के धर्म' से मतलब नहीं था। उन्होंने दलितों, महिलाओं और आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों की बात की और भारतीय सभ्यता की असली विविधता को हमारे सामने रखा।

दरअसल, दक्षिणपंथी विचारधारा ही औपनिवेशिक विरासत की असली वाहक है। वह इतिहास को उसी चश्मे से देखती है जिस चश्मे को हमारे औपनिवेशिक आकाओं ने हमें दिया था। हमारे विदेशी शासक समाज को धर्म के आधार पर बांटना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सांप्रदायिक इतिहास लेखन को प्रोत्साहन दिया जो इतिहास को तत्कालीन राजा के चश्मे से देखता है। हेमंत सरमा जैसे लोग इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। हां, इसमें उन्होंने उच्च जातियों और पितृसत्तात्मक व्यवस्था के मूल्यों को भी जोड़ लिया है और यही मिक्सचर बहिष्करण पर आधारित उनकी राजनीति का आधार है।

उनकी राह में मुख्य बाधा है भारत का संविधान। जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रवाद की ताकत और प्रभाव बढ़ने लगा, इन लोगों ने मनुस्मृति और उसके कानूनों का महिमामंडन शुरू कर दिया और वे मुसलमानों, ईसाईयों और साम्यवादियों को देश का 'आतंरिक शत्रु' बताने लगे। भारत के संविधान का विरोध उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है जिसकी स्पष्ट अभिव्यक्ति पूर्व आरएसएस सरसंघचालक के। सुदर्शन ने की थी। उन्होंने कहा था कि संविधान देश के लोगों के लिए किसी काम का नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विपक्षी पार्टियों के इंडिया का विरोध, हमारी सभ्यता के समावेशी मूल्यों का विरोध है। भारत का संविधान भी देश की सभ्यता के विकास का नतीजा है। इंडिया का विरोध सेम्युएल हट्टिंगटन की सभ्यताओं के टकराव के सिद्धांत के अनुरूप है और संयुक्त राष्ट्रसंघ की उस रपट के खिलाफ है जो सभ्यताओं के गठजोड़ की बात करती है और जो नेहरु के ऊपर दिए गए उद्धरण से मेल खाती है। हम केवल उम्मीद कर सकते हैं कि इंडिया, हेमंत सरमा जैसे लोगों की विघटनकारी राजनीति पर भारी पड़ेगा।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

## पावन प्रसंग

# सबसे सर्वोपरि है स्थिर मन

हम असुरक्षित क्यों रहते हैं? अनिश्चित क्यों रहते हैं? क्योंकि हमने मान लिया है कि हमारे साथ सब कुछ बुरा होगा, लोग अपने सुरक्षित भविष्य के लिए पैसा जोड़ते हैं, उसे संग्रहीत करते हैं। यह असुरक्षा, यह अनिश्चितता- मन को चंचल करती है। हम संचय तो करते हैं-समृद्धि का, साधन का, संपदा का, सद्गुणों का संचय नहीं करते। परिणाम यह होता है कि जितना संचय बढ़ता है, जितना परिग्रह बढ़ता है, उतनी मन की चिंता भी बढ़ती है।

जिनके घर में बहुत सारा सामान है. तो अपने घर की सफाई नहीं कर सकते। सफाई करने के लिए उनकी एक सप्ताह पहले प्लानिंग करनी पड़ेगी कि अब सफाई करनी है, क्योंकि उनके घर में बहुत सामान भरा है, इधर का कूड़ा उधर का कूड़ा। कई बार तो लोग ऐसा करते हैं इस कोने का कूड़ा उस कोने ने कर देते हैं और उस कोनो का कूड़ा इस कोने में। यह मन का जो कचरा है मन का जो कूड़ा है, वही हमको अस्थिर करता रहता है, लेकिन हमें अपने मन को स्थिर करना है इसलिए पहले हम पहचानें, जानें कि कहां-कहां हमारा मन जाता है? हमारे मन को कौन अस्थिर करता है।

व्यक्ति की चिंताएं, शंकाएं उसको सबसे ज्यादा अस्थिर करती है। निषेधात्मक चीजें मन को बहकाती रहती हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें पहचानना जरूरी है, समझना जरूरी है। जहां-जहां नकारात्मकता है, जो-जो चीजें आपको चुभती हैं, उस चुभन को निकालना है, उन गांठों को खोलना है और इसके लिए शुभ विचारों को अपनाना जरूरी है। एक शुभ विचार ही हमारे मन को बदलने के लिए पर्याप्त हैं, बस, उस विचार में वह ऊर्जा होनी चाहिए। हमारे यहां उपनिषदों में चार महावाक्य कहे गए हैं, ये चार ब्रह्मसूत्र हैं, इनके बारे में ज्ञानी जन कहते हैं कि अगर ये चार सूत्र समझ में आ गए तो समझो सारा ब्रह्मसूत्र समझ में आ गया। भगवद्गीता है तो सप्तश्लोकी भगवद्गीता भी है यानी भगवद्गीता के ये सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो सात सौ श्लोक समझ में आ गए। दुर्गासप्तशती है, तो सप्तश्लोकी दुर्गा भी है, इसके सात श्लोक समझ में आ गए तो समझो दुर्गा सप्तशती समझ में आ गई। बात छोटी सी है, लेकिन एक बात भी अगर समझ में आ जाए, तो जीवन बदलने के लिए यह एक बात भी पर्याप्त है। हमारे जीवन में बहुत सारे काम ऐसे हैं, जो हम नहीं कर सकते, लेकिन भगवत्कृपा से सब कार्य संभव हैं। यह विश्वास, यह श्रद्धा, यह आस्था, हमारे मन को बहुत संबल देते हैं, मन को अस्थिर होने से बचाते हैं, उसे एक जगह टिका देते हैं। जीवन में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घटती हैं, जैसे स्वतंत्रता से पूर्व हमारे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र यानी गोरखपुर, बलिया, बिहार का कुछ इलाका आदि, इन जगहों में एक दुर्घटना घटी, अंगरेज लोग वहां के कुछ लोगों को पकड़ कर ले गए। ये लोग घर से दूर, परिवार से दूर, रिश्ते-नातों के बिना वहां पर कैसे रहें। वहां तो उन्हें मजदूरी करनी थी, अपने रिश्ते तो उनके देश में ही छूट गए। कोई उन्हें घर वापस बुला नहीं सकता था। फिर रिश्ते बनाने के लिए वहीं कहीं उन्होंने शादी कर ली, अफ्रीकन वगैरह से शादी हुई। अपने साथ अपने देश से वो कुछ नहीं ले गए थे, लेकिन हनुमान चालीसा और तुलसीदासजी की रामायण की यानी श्रीरामचरतिमानस की कुछ चौपाइयां उन्हें कंठस्थ थीं। वो हनुमान चालीसा, वो रामचरितमानस उनके लिए एक तरह से संजीवनी बन गई, उन्हें भावनात्मक संबल देने के लिए एक आधार बन गई।

आज भी आप देखो तो जो दूर देश के इलाके हैं, और उनमें बसे हुए भारतीय हैं, उनसे पूछो कि वे अपने साथ क्या लाए थे? जब मन टूटता था, तब उस टूटे-बिखरे मन के लिए उनका संबल क्या होता था? हनुमान चालीसा। आज भी वहां पर जब भारत से कोई कथावाचक जाते हैं तो बड़े अनुराग से वे राम-कथा सुनते हैं क्यों? उन राम के नाम से उन हनुमान जी के नाम ने हनुमान चालीसा की चौपाइयों ने उनके जीवन की डोर बांधे रखी। उनके व्यक्तित्व को बिखरने से बचाया। जीवन की छोटी-बड़ी बातों में बड़ी आस्थाएं छिपी होती हैं। वहां सकारात्मकता का, शुभ चिंतन का, सद्गुणों का विश्वास प्रकाश बिखेरो।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बिहार में जातीय जनगणना के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की तनी भृकुटि, नही करेंगे गैर शैक्षणिक कार्य

बिहार में जातीय गणना के पक्ष में राज्य सरकार हमेशा से रही है। एनडीए के गठबंधन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातीय जनगणना की पैरवी करने मोदी से भेंट की थी। भाजपा जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट के आदेश पारित होते ही शिक्षकों की आवश्यकता आन पड़ी है। शिक्षक संघ ने सरकार पर यह आरोप लगाते हुए खण्डन किया है कि बीपीएससी में आवेदन करने वाले शिक्षकों के फेल कराने की साजिश है। मुख्य सचिव का कहना है कि कोई भी शिक्षक गैरशैक्षणिक कार्य नहीं करेगा। बिहार में शिक्षक संघ और सरकार के बीच विचारधारा की लड़ाई छिड़ गई है। शिक्षक जातीय जनगणना करेंगे तो बीपीएससी की गणना कैसे करेंगे? शिक्षक और सरकार के बीच तलवार खींच गई है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध सरकार कार्य कर रही है इससे शिक्षकों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। कई राज्यों में जातीय जनगणना का विरोध हुआ है उसके बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जातीय जनगणना की ठान रखी है। फैसलों के खिलाफ शिक्षक संघ आ खड़ा हुआ है जिससे बिहार में आगामी जनगणना की मुहिम में व्यवधान पैदा होने की संभावना है। गणना और गैरशैक्षणिक कार्य के लिए शिक्षकों को ही आगे किया जाता है। शिक्षक सरकार की गाइड लाइन की पालन हर हालत में करेंगे। यदि ऐसा नहीं है तो शिक्षकों को निलंबित करने में सरकार एक पल का विचार नहीं करेगी। कोरोना के समय में मरीज की गणना, पशु गणना और शौचालय गणना आदि कार्य शिक्षकों ने किए हैं। मकानों की गणना और मेट्रिक में इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद अब जनगणना में लगने से उनके पास पढ़ाई का समय नहीं बचेगा। इन परिस्थितियों में सरकार क्या कदम उठाती है? लोकसभा चुनाव की तैयारी और 2025 में बिहार विधानसभा की भी तैयारी होगी। ऐसे में शिक्षकों पर पड़ने वाली समय की मार को कैसे व्यवस्थित की जाए। उसके लिए सरकार से अपील की जा रही है। शिक्षा मंत्री व पीएम को पत्र लिखकर शिक्षकों ने न्याय की गुहार लगाई है।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या की बढ़ती घटना समाज के लिए चिंताजनक

कोई दिन खाली नही जाता है अखबार में दुष्कर्म की घटना की खबर नहीं छपी हो। आए दिन दुष्कर्म की घटना में दुधमुंही बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की जाती है। नाबालिग बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। यह सभ्य समाज पर कलंक है। आवारा घूमते बिगड़े युवाओं को परिवार और समाज की कोई फिक्र नहीं है। अपने परिवार और माता पिता का सिर शर्म से झुकाने वाले नालायक बेटे दुष्कर्म और हत्या की वारदात को अंजाम दे रहे है। वहशीपन की बढ़ती दरिन्दगी से समाज की युवा पीढ़ी विश्वसनीयता खोती जा रही है। युवतियों और महिलाओं के साथ अमानुषिक घटना अखबार में पढ़ने मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। पाषाणयुगीन मानव भी इतने क्रूर और निर्लज्ज नहीं थे। शिक्षित परिवार ऐसे बेहूदा कार्य और कभी माफ नहीं किये जाने वाले कार्य करते हैं जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुधमुंही बच्चियों के साथ दुष्कर्म और बाद में हत्या करने वाले विकृत मानसिकता वाले युवाओं में विकृति कहां से आती है। दो-तीन साल की बच्चियों को दुलार करते हैं। उस पर विकृति पैदा कर अमानुषिक कृत्य समाज के लिए कलंक है। कलंकित करने वाले नराधमों को फांसी तो दी जाती है लेकिन यह नाकाफी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### सेवानिवृत्त पर सेना के जवान का किया स्वागत

**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार को भारतीय सेना से अपनी पूरे 16 वर्षों की देश सेवा पूरी करने के बाद सेना से सेवानिवृत्त होने पर नगर वापसी पर रिटायर्ड सेना के जवान बृजेन्द्र राजपूत का युवाओं व उनके समर्थकों द्वारा बीना से चार पहिया वाहनों से भव्य जूलूस निकाला गया जुलूस बीना स्टेशन से प्रांरभ बासौदा, होते हुऐ नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला गया । बासौदा नाका सहित अनेक स्थानों उनके मित्रों व युवाओं द्वारा समर्थकों द्वारा हारफूल मालाऐं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसदौरान नरेन्द्र पाटीदार, पूर्व सरपंच खुशाल सिंह रघुवंशी, राजेन्द्र विद्रोही, गौरव शर्मा, अम्मू त्यागी, जितेन्द्र बघेल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भेरुन्दा /नसरुल्लागंज ।** कांग्रेस अनूसूचित जाति विभाग के तत्वाधान में मणिपुर में महिलाओं के साथ अमानवीय कृत्य एवं प्रदेश में हो रहे अनुसूचित जाति आदिवासी एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार अन्याय के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रुप से सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर,टीवी सीरियल मे हनुमान का रोल निभाने वाले विक्रम मस्ताल शर्मा, महेश सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य बृजेन्द्र उईके, महिला शक्ति पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता कीर, अजय पटेल?, सुरेश चंद्र सेठी ,जिला पंचायत सदस्य कमलेश यादव, संतोष गौर ने मुंह के आगे हांडी पीठ के पीछे झाड़ू बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। संचालन फारुख खान ने किया। आभार ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह थारोल ने, ज्ञापन का वाचन जिला प्रवक्ता एवं पार्षद नितेश पेठारी ने किया। कार्यक्रम में तुलसीराम बाकरिया, राजेंद्र राजे, जीवन पेठारी, शंकर बिजोने, संतोष शर्मा कक्का, गोपाल शर्मा, संजीव अग्रवाल, अशोक भाटी, करन जाट, मुकेश पवार, श्रीमती मालती मालवीय, सुनील शर्मा ,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गण राजकुमार पटेल धन्नास ,संजय पटेल हवेली ,जिला युवा कांग्रेस के महामंत्री संजय पटेल गोरखपुर, सत्यनारायण तिवारी, बलवान सिंह गौर ,फुरकान अली, वहीद खान, अनिता संतोष पटेल, विजय गौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विकास पर्व : स्वास्थ्य मंत्री आज गैरतगंज को देंगे करोड़ों की सौगात



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा 04 अगस्त को गैरतगंज तहसील के विभिन्न गॉवों में विकास पर्व के तहत लगभग 11 करोड़ रू लागत के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा तथा 23 लाख रू से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 04 अगस्त को प्रात: 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात: 11.30 बजे गैरतगंज तहसील के ग्राम खैरखेड़ी पहुचेंगे तथा यहां विकास पर्व के तहत आयोजित कार्यक्रम में 5.20 लाख रू लागत से निर्मित माध्यमिक शाला की बाउण्ड्री बाल का लोकार्पण करेंगे। साथ ही विधायक निधि से एक लाख रू लागत के मेन रोड से भांवर टोला की ओर रोड का मुरमीकरण तथा हनुमान मंदिर में विधायक निधि से 75 हजार रू लागत के टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी दोपहर 12 बजे ग्राम खैरखेड़ी से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे ग्राम वनखेड़ी पहुचेंगे तथा यहां आयोजित कार्यक्रम में 420.48 लाख रू लागत से ग्राम वनखेडी से ग्राम गुलावगंज तक 2.40 किमी लम्बे सड़क मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 01.20 ग्राम वनखेडी से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे फॉरेस्ट गेस्ट हाउस गढ़ी पहुचेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी दोपहर 02.15 बजे गढ़ी से प्रस्थान कर दोपहर 02.45 बजे रजपुरा पहुचेंगे तथा यहां आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम में तीन करोड़ 68 लाख रू लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 7.35 लाख रू लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही 9.78 लाख रू लागत से निर्मित स्टाप डेम का लोकार्पण भी करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री शाम 04 बजे ग्राम शोभापुर पहुचेंगे तथा यहां दो लाख रू लागत से पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात शाम 05 बजे ग्राम पंचायत गोरखा में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 4.60 लाख रू लागत से ग्राम सिमरिया में निर्मित स्वच्छता परिसर तथा ग्राम गोरखा में 1.70 लाख रू से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार ग्राम पिपरिया अमरसिंह में दो लाख रू लागत की सीसी रोड तथा ग्राम रजपुरा से ग्राम पिपरिया तक 295.56 लाख रू की लागत से बनने वाले 2.40 किमी लम्बे सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी शाम 06.30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# रायसेन की प्रगति दुबे, राज्य के सर्वोच्च खेल अलंकरण विक्रम पुरस्कार से होंगी सम्मानित

**रायसेन, देशबन्धु।** रायसेन जिले की बेटी स्टार शूटिंग खिलाड़ी कु. प्रगति दुबे को राज्य सरकार के सर्वोच्च खेल अलंकरण विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा कल रात्रि में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा की गई है। बेगमगंज विकासखण्ड के ग्राम ध्वज निवासी कु. प्रगति दुबे जिले की पहली खिलाड़ी हैं जिन्हें विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कु. प्रगति को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गईं हैं।

वर्ष 2022 के लिए प्रदेश के सर्वोच्च खेल अलंकरण विक्रम पुरस्कार कुल 10 खिलाड़ियों को, प्रतिभावान जूनियर 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार , 1 प्रशिक्षक को विश्वामित्र पुरस्कार एंव खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए 01 लाइफ़ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। विक्रम पुरस्कार में सम्मान स्वरूप खिलाड़ियों को राशि 02 लाख रू नकद, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित कर शासकीय सेवा में लिए जाने का प्रावधान है।

विक्रम, विश्वामित्र व लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड में सम्मानित होने वालों को प्रत्येक को 2-2 लाख रूपये व एकलव्य पुरस्कार वालों को प्रत्येक को 1-1 लाख रूपये सम्मान निधि दिये जाने का प्रावधान है। कु. प्रगति दुबे ने शूटिंग वर्ल्ड कप में 01 स्वर्ण पदक, 01 रजत पदक एवं 01 कांस्य पदक जीता है। राष्ट्रीय चौंपियनशिप में अब तक 05 स्वर्ण सहित कुल 15 पदक जीते है। वर्तमान में कु. प्रगति दुबे राज्य हाई परफ़ॉर्मेंस शूटिंग सेंटर भोपाल में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# एसडीएम व थाना प्रभारी को दी विदाई शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित



**भैरूंदा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम दिनेश सिंह तोमर का तबादला एवं गोपालपुर में पदस्थ थाना प्रभारी आर. के .व्यास के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह सम्पन्न किया गया । बधाई एवं शाल श्रीफल स्म्रति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शामिल हुऐ पूर्व वन विकास निगम के अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, रघुनाथ सिंह भाटी ,जिला अध्यक्ष रवि मालवीय,मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल सहित नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर चारों मंडल के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता एडवोकेट स्वास्थ्य विभाग ,लोक निर्माण विभाग कृषि उपज मन्डी नगर परिषद अधिकारी कर्मचारी ,पार्षद, पत्रकार आदि उपस्थित हुए।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि मालवीय सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने एसडीएम दिनेश सिंह तोमर एवं थाना प्रभारी आर.के. व्यास के कार्यकाल की सराहना की एवं बधाई दी ।वही एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं गोपालपुर थाना प्रभारी आरके व्यास द्वारा भी सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# आरोपी के घर पर चले बुल्डोजर : कुशवाह समाज



**सिरोंज, देशबन्धु।** गुरूवार को कुशवाह महासभा द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें बताया गया कि विगत दिनों पूर्व लटेरी में कुमारी निशा कुशवाह पुत्री भगवान सिंह कुशवाह उम्र लगभग 16 बर्ष ने आमिर द्वारा आय दिन मृतिका को कोचिंग जाते समय छेड़छाड कर तंग करना और उसके साथ संबंध बनाने का दबाव डालना सहित अन्य कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं इस मामले में पुलिस ने आरोपी आमिर खांन,आरोपी की मां शमीम बानो,आरोपी का भाई ताजवर को गिरफतार कर लिया है। जबकि पीड़ित परिवार ने आठ लोगों के नाम बताये थे। अभी तक अन्य आरोपी गिरफतार नहीं हुए है। जिस कारण पीड़ित परिवार भयभीत है और पलायन करने को मजबूर है।

पुलिस प्रशासन द्वारा लचर कार्यवाही करने से कुशवाह समाज में आक्रोश व्याप्त है। अत: कुशवाह समाज प्रशासन से मांग करता है कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जावे और 50 लाख रूपये का मुआब्जा दिया जाए। तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जावे ताकि वह पलायन न कर उसी स्थान पर जीवन यापन कर सकें। कुशवाह समाज ने मांग करते हुए कहा है कि आरोपी के घर पर बिल्डोजर की कार्यवाही कर एवं अन्य आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जावे।

साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआब्जा दिया जावे। इस अवसर पर मुंशीलाल कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, कमलेश कुशवाह,राकेश कुशवाह,जीवन कुशवाह, मुकेश कुशवाह, राजकुमार कुशवाह,यशवंत कुशवाह, बसंतीलाल,दीपक, संतोषा, रोहित, मुकेश, प्रदीप, मलखान, विकास पटेल, अमर सिंह एडवोकेट,हेमंत राठौर,शिवनारायण विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत सरकार के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव की परिणति के रूप में परिकल्पित मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत रायसेन जिले में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा जिले में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न स्तर पर अभियान के मुख्य उद्देश्य के सफल संचालन के लिए जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

किशोर कुमार की 95 वीं जयंती

# अभिनेता किशोर कुमार का मस्ती भरा अंदाज था




मध्य प्रदेश के निमाड़ अंचल के खूबसूरत से शहर खंडवा में 4 अगस्त 1929 को जन्म लेने वाले किशोर कुमार गांगुली आज हमारे बीच होते तो 94 बरस के हो जाते। उनको अपने बीच मौजूद पाकर हम उनका जन्म दिवस इस साल मना रहे होते ,क्या सुंदर कल्पना है। पर जीवन में जो भी प्रशंसक उनसे मिल सका तो वो भाग्यशाली है।आज तक किशोर कुमार जानदार शानदार गायन के कारण जीवित बने हुए हैं। जिंदगी लंबी नहीं हो सकती पर बेहतरीन तो हो ही सकती है। बदकिस्मती से किशोर दा सिर्फ 58 साल की अवस्था में हमसे 13 अक्टूबर 1987 को अलविदा हो गए थे।

### जिनके लिए गाया,हो गए हिट

राजेश खन्ना,अमिताभ बच्चन से लेकर बहुत से अनेक बड़े नायक किशोर जी के गीतों की वजह से भी हिट हो गए। जिंदगी के सफ़र में गुजर जाते हैं जो मुकाम हो या ये शाम कुछ अजीब है... पग घुंघरू बांध मीरा नाची थी..जैसे मस्ती भरे गीत,किशोर दा का जवाब नहीं। उनके जैसी शख्सियत भले शरीर से हमारे साथ न हों, पर दिलों में हमेशा जिन्दा है। किशोर कुमार ने गायन के साथ ही अभिनय की दुनिया में भी झंडे गाड़े। अपनी जन्म भूमि खंडवा के लिए बेहद अनुराग और खिंचाव था उनके ह्रदय में।

किशोर कुमार को मध्य प्रदेश की जनता बहुत सम्मानीय मानता है। राष्ट्रीय स्तर के किशोर कुमार सम्मान भी देती है। सिने कलाकार, गायक, निर्देशक किशोर कुमार के नाम से मध्य प्रदेश सरकार ने देश के अनेक अभिनेताओं, गायकों और सिने निर्देशकों को मध्य प्रदेश की धरती पर सम्मानित किया है ।

अभिनय में भी अदभुत

किशोर कुमार ने सिंगिंग के साथ ही एक्टिंग में जो योगदान दिया उससे उनके समग्र फ़िल्मी योगदान का महत्व बढ़ जाता है। मनमौजी,चलती का नाम गाड़ी और पड़ोसन फिल्मों के दृश्य दर्शकों को गुदगुदाते हैं। उनके अभिनय के अंदाज लोग भुलाए नहीं भूलते।

### विश्व धरोहर किशोर कुमार

किशोर कुमार सिर्फ मुंबई , भारत या एशिया की धरोहर नहीं,वे एक विश्व स्तरीय शख्सियत हैं। उनके बड़े भाई अशोक कुमार भी जीवन के अंतिम समय तक प्रदेश से जुड़े रहे। वे यहाँ आने के अवसर भी नहीं त्यागते थे। उनकी स्मृतियाँ भी प्रदेश से जुडी हैं। किशोर कुमार की इंदौर के क्रिश्चियन कॉलेज से जुड़ी स्मृतियां कई बुजुर्ग इंदौरी लोग सुनाया करते हैं। एक कलाकार अपने हुनर से सदियों तक जीवित रहता है, किशोर कुमार भी ऐसे ही थे।

**अशोक मनवानी ( लेखक लेखन और अभिनय से शौकिया जुड़े हैं )**

# महिला सुरक्षा के लिए जागरूक करने दी विशेष अभियान की जानकारी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बालिकाओं/महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर जागरूक करने विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यु का दूसरा चरण गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय में शुरु हुआ। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव,एसडीओपी मनोज मिश्रा ,थाना प्रभारी कुंअर सिंह मुखती के निर्देशन में एस आई प्रतिभा सिंह,प्रधान आरक्षक शशि चौबे एवं प्रधान आरक्षक सीता राज आरक्षक अंकिता ,ज्योति, सौरभ द्वारा शासकीय केंद्रीय विद्यालय मैं बालकों को अभिमन्यु अभियान के संबंध मे अवगत कराया ।एवं बालक /बालिकाओं को पाक्सो एक्ट, जे जे एक्ट के अंतर्गत घटित अपराधों के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी, एवं समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, अशिक्षा, लिंगभेद के चक्रव्यूह को तोड़ने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने जागरूक किया ।बालक/बालिकाओं को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी वीडियो व पोस्टर दिखा कर लिंगभेद ,भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा,लड़के लड़कियों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम, के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का सफल प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र सिंह रावत ने किया।

बीएमओ ने थाना प्रभारी को कार्यवाही के लिये लिखा पत्र

# एमपी ऑन लाइन चलाने वाले कर रहे फर्ज़ीवाड़ा



**सिरोंज, देशबन्धु।** में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पैसे लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का मामला सामने आया है। सिरोंज के शासकीय चिकित्सालय मैं कुछ ग्रामीण मुगलसराय और भगवंतपुर से जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर सील लगवाने पहुंचे ।तब अस्पताल के कंप्यूटर ऑपरेटर बाबू ने पोर्टल पर डाल कर जांच की तो पोर्टल पर जन्म से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं थी। जिसके बाद ग्रामीणों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमने 200 और ?400 देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवाया है। बाबू हितेंद्र ने बताया कि फार्मेट तो असली जैसा ही है लेकिन किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग करके फ़र्ज़ी इंट्री डालकर जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है। डॉ अमित भेदिया बीएमओ ने क्षेत्र में हो रहे इस अवैध कार्य को रोकने के लिए थाना प्रभारी को पत्र लिखा है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है ताजा मामले में ओरिजनल ड्राफ्ट में फ़र्ज़ी इंट्री डालकर 400 रुपए में फ़र्ज़ी जन्म प्रमाण पत्र बना दिया गया। यह कारनामा मुगलसराय ग्राम में एमपी ऑन लाइन कम्प्यूटर शॉप चलाने वाले असरफ खान ने किया है। इससे पहले एम पी ऑनलाइन कंप्यूटर शॉप चलाने वाले द्वारा फ़र्ज़ी आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी भी सामने आई थी। 1 हजार रुपए लेकर फ़र्ज़ी आयुष्मान कार्ड बनाये गए

मानस भवन में 7 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

# सब्जियों के सूप और कच्चे भोजन से हुई शिविर की शुरुआत




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सेवा अभियान के अंतर्गत भोजन पद्धति पर आधारित सात दिवसीय विशेष आवासीय स्वास्थ्य शिविर गुरुवार से प्रारंभ हो गया। यह आवासीय शिविर आगामी 9 अगस्त तक स्थानीय मानस भवन में आयोजित रहेगा। स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के अलावा विभिन्न राज्यों से डेढ़ सौ से अधिक शिविरार्थियों ने पंजीयन कराया है।

गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साधक कांति भाई शाह, वरिष्ठ साधिका सुनीता भावसार, सरिता रघुवंशी, वरिष्ठ साधक अशोक चौरसिया, रघुनाथ सिंह रघुवंशी, केशव ताम्रकार विदिशा एवं अखिल भारतीय रघुवंशी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष और अभियान के संयोजक दिगपाल सिंह रघुवंशी एवं मेरठ से आए इंटरनेशनल एसोसिएशन फोर साइंटिफिक स्प्रिचुअलिज्म (आइएएस) के वरिष्ठ साधक और मुख्य मार्गदर्शक वक्ता डा. गोपाल शास्त्री ने शिविर के शुभारंभ मौके पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है जब हमारा शरीर बीमारियों से ग्रस्त होगा तो हम कोई भी कार्य सही तरीके से नहीं कर सकते।

आज हम अपने व्यापार, पहनावे और अपने भविष्य की तो चिंता कर रहे हैं लेकिन हमें अपने शरीर को किस तरह स्वस्थ रखना है इसके प्रति सजग नहीं है। प्रकृति द्वारा दिए गए प्राकृतिक भोजन को अनदेखा कर बाजार में बिक रहे फास्ट फूड जैसी अन्य खाद्य-पदार्थों खाकर हम अपने शरीर को बीमारियों का घर बना रहे हैं। यही वजह है कि आज अनियमित दिनचर्या एवं फास्ट फूड के कारण शुगर, बीपी, मोटापा, हाइपरटेंशन, कैंसर जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र शर्मा ने किया जबकि अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ साधिका सीमा शर्मा, मीनाक्षी माथुर,योगिता राजपूत एवं वरिष्ठ साधक, देवसिंह लोधी, ओपी दुबे एवं रणवीर सिंह रघुवंशी ने किया। अतिथियों ने इस तरह के शिविरों की आवश्यकता पर जोर दिया और आयोजकों को बधाई दी। शिविर में मध्यप्रदेश के अलावा अन्य अन्य राज्यों से आए साधक भी सहभागिता कर रहे हैं।

सात दिवसीय आवासीय स्वास्थ्य शिविर में पूरा फोकस प्राकृतिक भोजन पर रहता है। शिविर के दौरान शिविरार्थी अपने खान पान में बदलाव कर प्राकृतिक भोजन के जरिए ही इन 7 दिनों में अपने बीपी शुगर वजन में अंतर देखता है। हल्के व्यायाम,योग के जरिए सुबह की दिनचर्या की शुरुआत होती है। व्यायाम और व्याख्यान सत्र के बाद साधकों को सभी तरह की सीजनल सब्जियों से बना हुआ सूप दिया गया। दोपहर को कच्ची सब्जियां का मुरब्बा,(बिना पका हुआ भोजन), हरी पत्तियों की चटनी और कच्ची लौकी और खजूर का हलवा दिया गया। इसके बाद शाम को पका भोजन दिया गया।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मनीराम धोटे का निधन



**बैतूल, देशबन्धु।** टैगोर वार्ड निवासी राजेश धोटे एवं गोलू धोटे के पिताजी मनीराम जी धोटे का बुधवार शाम निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा आज गुरूवार 3 अगस्त को सुबह 9 बजे उनके निज निवास टैगोर वार्ड आई के भोजनालय के पास से निकाली जाएगी। स्व. धोटे का अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम बारव्ही में किया जाएगा।

### आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत मुलताई जनपद पंचायत में शिविर का हुआ आयोजन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के जनपद परिसर में गुरुवार आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत शिवहिर का आयोजन किया गया। युवा शिक्षित बेरोजगार एवम असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइया संचालित करने वाले गरीब अशक्षम व छोटे व्यापारियों के लिएप्रशिक्षण बैतूल से आए जिला अधिकारियों द्वारा दिया गया। जिसमें फल उत्पाद, सब्जी उत्पाद, अनाज उत्पाद, दुग्ध उत्पाद जैसे अन्य उत्पादों को लेकर जानकारी दी गई। मुलताई क्षेत्र के किसान एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें लोन को लेकर भी सभी प्रक्रार की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री सूक्ष्म द्1द्वलघु उद्धम योजना अंतर्गत इकाइयों की स्थापना पर 35त्न अनुदान दिया जा रहा है। शिविर के अवसर पर युवाओं ने उत्साह पूर्वक जिले से आए हुए अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी को सुना और समझा दी गई जानकारी का लाभ उठाने का आश्वासन भी युवाओं द्वारा दिया गया।

# शराब पीकर आए पति-पत्नी में विवाद, पत्नी ने डीजल डालकर खुद को जलाया, पति भी झुलसा



**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिखलीकला में एक सनसनीखेज मामला सामने आया जिसमें पति शराब पीकर आया तो इस बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया और गुस्साई महिला ने डीजल डालकर खुद को आग लगा ली । पत्नी की आग बुझाते हुए पति भी गंभीर रूप से झुलस गया है। दोनों को एक प्राइवेट वाहन से मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां से उन्हें बैतूल रेफर किया गया है। आगजनी की इस घटना में महिला लगभग 80त्न एवं पुरुष 30त्न से ज्यादा झुलस गया है। यह बात भी सामने आ रही है कि पति शराब पीकर घर आया था एवं पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया था। इसी बात को लेकर इनका विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। जिसके बाद पत्नी ने डीजल डालकर खुद को आग लगा दी। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र के ग्राम चिखलीकला निवासी

मन्द्रेश बिहारे (35 साल) अपनी पत्नी सरिता ( 32 साल) के साथ गांव में ही परिवार से अलग रहता है।

आज मन्द्रेश घर पर शराब पीकर आया था, इसी बात को लेकर उसका सरिता से विवाद हो गया। जिसके बाद सरिता ने घर में रखे डीजल को खुद के ऊपर डालकर आग लगा ली। सरिता को जलता देख को मन्द्रेश ने उसकी आग बुझाने की कोशिश की, उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए। बाद में एक प्राइवेट वाहन से उन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल लाया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बैतूल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। मन्द्रेश ने बताया कि पत्नी से शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई है।

### नसबंदी शिविर में शाम 5 बजे पहुंचे डॉक्टर

# सुबह से शाम तक महिलाएं करती रही इंतजार



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी करने वाले डॉक्टर शाम 5 बजे पहुंचे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र से महिलाएं सुबह से ही नसबंदी शिविर के लिए मुलताई स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आ गई थी। डॉक्टर नहीं होने के कारण उन्हें और उनके परिजनों को शाम तक इंतजार करना पड़ा जानकार बताते हैं कि यह पहला अवसर नहीं है जब शिविरों में आने वाली महिलाओं को डॉक्टर का इंतजार करना पड़ा अनेकों बार इंतजार करते-करते महिलाएं वापस घर चली जाती हैं। मुलताई ब्लॉक से 31 महिलाओं ने ऑपरेशन हेतु पंजीयन कराया था, जिसमें से 30 महिलाएं ऑपरेशन कराने हेतु गुरुवार सुबह से अस्पताल पहुंची थी, लेकिन देर शाम 5 बजे तक डॉक्टर के ना आने के कारण महिला परेशान होते हुए दिखाई दी। दिनभर बारिश का दौर होने और अस्पताल में महिलाओं के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं के साथ आए छोटे छोटे बच्चे और परिजन परेशान होते दिखाई दिए। शाम 5:00 बजे सर्जन रिटायर्ड डॉक्टर रमेश बडवे मुलताई अस्पताल पहुंचे, तब ऑपरेशन कराए जा सके। बीईई चंद्रकला डोंगरे ने बताया कि अस्पताल में गुरुवार एलटीटी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 31 महिलाओं ने पंजीयन कराए थे। जिनमें से 30 महिलाएं ऑपरेशन कराने हेतु अस्पताल पहुंची। ऑपरेशन करने हेतु कोई स्थाई डॉक्टर नहीं होने के कारण भोपाल निवासी रिटायर्ड डॉ रमेश बडवे को बुलाया गया था।

#### इनका कहना

आज मुलताई पट्टन दो जगह नसबंदी शिविर थे इसलिए डॉक्टर को मुलताई आने में देरी हो गई। वैसे भी सामान्यत: हितग्राही 11 बजे आते हैं और जांच और डॉक्यूमेंट स्कूटनी में 2 घंटे लग जाते हैं।

**डॉ अभिनव शुक्ला ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी मुलताई**

# रेलवे की उदासीनता : जिले का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय तिरंगा झंडा लगाने 1 माह बाद भी नहीं मिली अनुमति

**मुलताई , देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन परिसर को सुंदर, आकर्षक बनाने एवम् क्षेत्र के युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने लिए नगर के समाजसेवी युवा लोकेश गीदकर द्वारा स्वयं के व्यय पर 101 फुट जिले का सबसे ऊंचा तिरंगा लगाने के लिए स्थान आवंटित किए जाने की मांग की थी।

लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक रेलवे विभाग की उदासीनता के चलते अनुमति नहीं मिल पाई है। लोकेश का कहना है कि वे 15 अगस्त पर इस तिरंगे का लोकार्पण करवाना चाहते है। लेकिन रेलवे विभाग द्वारा जगह चिन्हित कर झंडा लगाने की अनुमति नहीं दिए जाने से 15 अगस्त पर इसका लग पाना असंभव प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा अनुमति नहीं मिल पाने की स्थिति में उन्होंने नगरपालिका से भी नगर में तिरंगा झंडा लगाने के लिए स्थान आवंटित किए जाने की मांग की थी, जिस पर नगर पालिका द्वारा बस स्टैंड शहीद स्तंभ के पास जगह उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है।

#### इनका कहना है

*लगभग 1 माह पूर्व लोकेश गीदकर द्वारा तिरंगा झंडा लगाने के लिए स्टेशन परिसर पर स्थान की मांग की गई थी, उनका आवेदन उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक अनुमति प्राप्त नहीं हुई है।*

***हिमांशु कुमार***
***मुलताई रेलवे स्टेशन मास्टर***

# बिजली का करंट लगने से बैल और गाय की हुई मौत



**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोहपानी में गुरुवार शाम चारा चार कर वापस लौट रहे एक गाय और एक बैल की करंट लगने से मौत हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोकेश रघुवंशी ने बताया कि ग्राम कोहपानी के मोहन रघुवंशी रोज की तरह अपने जानवरों को लेकर शाम में घर वापस जा रहे थे, तभी अचानक गांव के पास लोहे के खंभे पर लगी डीपी के चारों तरफ बारिश का पानी थमा हुआ था, इस पानी में करंट फैल जाने के कारण जैसे ही गाय और बैल पानी के संपर्क में आए, करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मोहन रघुवंशी ने बताया कि अचानक से बैल और गाय गिर कर तड़पने लगे, करंट लगने की आशंका के कारण वे उनके पास नहीं जा पाए, उन्होंने बताया कि डीपी पर बिजली का तार लोहे के खंभों से टकराने के चलते नीचे थमे बारिश के पानी में भी करंट फैल गया और उनकी एक गाय और एक बैल की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गाय की कीमत करीब 45000 और बैल की कीमत करीब 25000 थी।

# परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर आदिवासी युवक ने की थी आत्महत्या

**बैतूल, देशबन्धु।** भीमपुर थाना अंतर्गत ग्राम जामू के ग्रामीणों ने ग्राम के आदिवासी युवक इशवंत धुर्वे की मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन सौंपकर मृतक युवक के परिजनों के खिलाफ प्रताड़ना का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ग्रामीण काडमा तांडीकर, सुमरत वरकडे, मुरत वरकडे, रामप्रसाद सूर्यवंशी, शिवकली वरकडे, कमला सूर्यवंशी ने आरोप लगाया कि मृतक के परिजनों की प्रताड़ना के चलते उसने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली थी।

**ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताई हकीकत**

पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने बताया कि मृतक इसवंत अत्यधिक शराब पीता था जिस कारण शराब के नशे में उसका 2-3 वर्ष पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, तब से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह गांव में झगड़ा करता था, एक बार आवेदक मुरत के पुत्र राजेश के साथ भी अत्यधिक मारपीट कर लहू लुहान कर दिया था जिसकी शिकायत भी थाना झल्लार में की गयी थी, जिसमें मृतक इसवंत ने उल्टा आरोप पुलिस पर लगा दिया था। अत्यधिक शराब पीने के कारण इसवंत के परिवार द्वारा आये दिन उसके साथ मारपीट एवं गाली गलौच करते थे, शराब नही पीने की समझाई देते थे, लेकिन इसंवत किसी की नही सुनता था तथा आये दिन गांव में विवाद करता था। मृतक इसवंत के परिवार द्वारा 24 जुलाई 2023 से 25 जुलाई 2023 तक उसके साथ मारपीट की, घोर प्रताडना दी, जिसके चलते इसवंत ने कीटनाशक खा लिया था, भैंसदेही हास्पीटल में भर्ती करने के पूर्व ही उसकी मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने इस मामले में उचित जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है।

### बाल संरक्षण पर ऑन लाईन कार्यशाला संपन्न

# बच्चों के साथ हो रहे ज्यादा अपराध : डॉ. डोंगरे



**बैतूल, देशबन्धु।** जेएच कॉलेज बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना, आवाज एवं यूनीसेफ के तत्वावधान में बह्याल संरक्षण पर ऑन लाईन कार्यशाला प्रशिक्षण आज दिनांक 3 अगस्त 2023 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यासमीन जिया, प्रो. प्रदीप पंद्राम, डॉ. सरोज पाटिल, डॉ. सविता बघेल, डॉ. संगीता बामने, डॉ. रश्मि रजक, प्रो. गीता माली जुड़ी थी एवं कार्यक्रम अधिकारी जुड़े थे। बाल संरक्षण प्रशिक्षण मुख्य रूप से आवाज की ओर से आसमा खान एवं आकांक्षा पटले द्वारा दिया गया।

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया म.प्र. में सर्वाधिक बच्चों के साथ हिंसा अपराध हो रहे हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश के बच्चे अपराध करने में अव्वल हैं। आसमा खान ने बताया म.प्र.को प्रथम 05 राज्यों की श्रेणी में रखा जहां बाल विवाहि अधिक हो रहे हैं। आकांक्षा पटले ने बताया म.प्र. में प्रतिदिन 30 बच्चे गायब होते हैं। जिसमें से केवल 21 बच्चे वापस आते हैं। 9 वापस नहीं आते हैं। कार्यशाला को सफल बनाने में आयुष घिघोड़े, कोमल देशमुख, दीक्षा वागद्रे, पायक मिश्रा, ममता इवने, रवि सराटकर, सुरभि जैन, पिंकु बोरबार, चंचल ठाकुर आदि का सक्रिय सहयोग रहा। बाल संरक्षण कार्यशाला में कुल 53 विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

## सावंगी के पंचायती कुएं में युवक ने लगाई छलांग, पानी में डूबने से हुई मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सावंगी निवासी युवक ने बुधवार शाम ग्राम के पंचायती कुए में छलांग लगा दी और वह अपनी जान गवां बैठा। ग्राम सावंगी निवासी भाऊराव कडू ने मुलताई पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया बुधवार शाम में ग्राम के सुरेंद्र उर्फ गंठी पिता गुलाबराव कडू बुधवार शाम में ग्राम की पुलिया के पास स्थित पंचायती कुए में कूद गया। सुरेंद्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। भाऊराव की सूचना पर पुलिस में मर्ग कायम किया है। सुरेंद्र ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## सेक्टर ऑफिसर एवं बीएलओ की द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रशिक्षण पूर्ण

**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हो सके इसके लिए प्रशासन हरसंभव तैयारियों में जुट गया है जिसके तहत मुलताई नगर के शासकीय महाविद्यालय एवं प्रभात पट्टन के प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सेक्टर ऑफिसर एवं बीएलओ की द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह ने बताया कि मतदाता सूची का समरी रिविजन कार्यक्रम अंतर्गत समस्त मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदान सूची का वाचन एवं नाम जोड़ने और काटने का कार्य किया जाएगा जो की एक अगस्त से शुरू किया जा चुका है। यह निरंतर 31 अगस्त तक चलता रहेगा। इस संबंध में समस्त सेक्टर ऑफिसर और बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर समस्त बूथों के बीएलओ और सेक्टर ऑफिसर बड़ी संख्या में दोनों स्थानों पर उपस्थित रहे।सेक्टर सुपरवाइजर और मतदान केंद्र की टीम के प्रमुख आज मुलताई विधानसभा के मतदान केंद्र का भी भ्रमण करेंगे।

# हाजी आशिक अली ने वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को भेंट की शॉल


## मातोश्री वृद्धाश्रम में हुआ गरिमामई सम्मान समारोह का आयोजन




**बैतूल, देशबन्धु।** हाजी सैयद आशिक अली के हज यात्रा कर वापस लौटने पर पर जिला परिवहन कार्यालय बैतूल के यातायात सलाहकार सदस्यों ने गुरुवार 3 अगस्त को मातोश्री वृद्धा आश्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान हाजी सैयद आशिक अली का इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर हाजी आशिक अली ने सभी बुजुर्गों को भोजन करवाकर गर्म शॉल का वितरण किया। हज यात्रा के अनुभव साझा करते हुए हाजी सैयद आशिक अली ने बताया कि हज के दौरान माहौल बेहद नूरानी होता है। दुनिया भर के लोग एक साथ जमा होकर अल्लाह की इबादत करते हैं। बहुत खुशनसीब होते हैं जिन्हें हज पर जाने का मौका मिलता है। हज यात्रा पर उन्होंने देश में अमन शांति की दुआ मांगी, अमन शांति की दुआएं पाक परवरदिगार पूरी करें, सभी लोगों के प्यार एवं स्नेह के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर यातायात सलाहकार समिति के सदस्य हेमंत देशमुख, निधीश उदासी, सप्पू साहब, रिजवान अली, संजय यादव, कादर अली, धनराज वाडबुदे, चैतराम पवार, गोलू सोनी, पंकज तिरुलकर, अशोक, इरफान अली, नाजिम अली, महेश, विनोद बेले, वाजिद अली, धनराज राठौर, मन्ना वालिया, सोहेल अली, सौरभ दुबे, संजय जयसवाल, सुभाष पटेल एवं यातायात स्टाफ उपस्थित थे।

# मुलताई को स्मार्ट बनाने युवक ने बनाया स्मार्ट एप, नगर में हो रहा लोकप्रिय





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के एक युवक ने स्मार्ट मुलताई नाम से ऐप बनाया है। जो की नगर में लोकप्रिय होता जा रहा है। इस एप में मुलताई की सारी जानकारी उपलब्ध है। एप के संबध में जानकारी देते हुए रजत पिंगला ने बताया की मुलताई में सेवा दे रहे पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, प्रमुख दुकानों सहित आसपास के पर्यटन स्थलों की जानकारी भी एप में रखी गई है। जिस तरह बड़े शहरों की पूरी जानकारी एक ऐप के माध्यम से मिल जाती है, उसी प्रकार मुलताई की जानकारी भी अब ऐप के माध्यम से मिल पाएगी। इस ऐप को मुलताई का युवा रजत पिंगला जो पुणे की एक कंपनी में काम करता है, उसने बनवाया है। रजत ने बताया की ये एप्लीकेशन हमारी मुलताई को बड़े मेट्रो शहरो की तरह स्मार्ट बना देगा। प्ले स्टोर पर स्मार्ट मुलताई एप निशुल्क उपलब्ध है। इसकी सेवा लेकर मुलताई वासी कुछ मिनटों में अपेक्षित सेवा प्राप्त कर सकेंगे। वही दूसरी ओर सेवा देने के इच्छुक लोगो को रोज़गार मे वृद्धि होगी। साथ ही मुलताई के ग्रामीण क्षेत्रो में सेवा दे रहे पेंटर, इलेक्ट्रीशियन भी नगर में रोज़गार प्राप्त कर सकेंगे। इस एप पर हर तरह की सेवा जैसे पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, इवेंट ओर्गोनाईजर, नल फिटिंग कंस्ट्रक्शन वर्कर जैसी बहुत सारी सेवाए उपलब्ध है। यह एप्लीकेशन मुलताई वासियों सहित यहाँ आने वाले पर्यटकों को यहाँ उपलब्ध सेवाए जैसे टूरिस्ट स्पॉट्स, बस, टेक्सी ,होटल, शापिंग लोकेशन, हेल्थ रिलेटेड संस्थानों की भी जानकारी उपलब्ध कराएगा। राजस्थान कहना है कि उन्होंने यह ऐप मुलताई नगर को स्मार्ट बनाने के लिए बनाया है जिससे नगर में उपलब्ध सभी सेवा एवं सुविधाएं नगर वासियों को एक जगह पर आसानी से उपलब्ध हो सके ताकि लोगों का समय और धन भी बच सके।

### कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश हो तो दिव्यांगता नहीं आती आड़े

# स्वलेहा का हुआ शासकीय मेडिकल कॉलेज में दाखिला



**मुलताई, देशबन्धु।** कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश हो और इरादों में जान तो दिव्यांगता भी सफलता के मार्ग की बाधा नहीं बन सकती यह सिद्ध किया है मुलताई की कक्षा बारहवीं की दिव्यांग छात्रा स्वलेहा कय्यूम चौहान ने। स्वलेहा ने प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा में दिव्यांग कोटे से 1512 वी रैंकिंग प्राप्त की है। कक्षा 12वीं में भी उसे एमपी बोर्ड अंग्रेजी माध्यम से 74 प्रतिशत अंक मिले है। नेशनल रैंकिंग के आधार पर स्वलेहा का एडमिशन मध्य प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में हुआ है जहां वह एमबीबीएस पढ़ाई पूर्ण करेंगी। गौरतलब है कि वर्ष 2023 नीट परीक्षा में संपूर्ण देश से 20 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

**एमबीबीएस एमडी करने के बाद आईएएस बनना चाहती है स्वलेहा**-स्वलेहा से यह पूछे जाने पर कि कक्षा बारहवीं और नीट परीक्षा की तैयारी एक साथ का लक्ष्य उसके लिए कितना कठिन था वह कहती है मेरा दाया हाथ दिव्यांग है और उसमें सूजन आ जाती है। मेरे लिए यह लक्ष्य दूसरों की तुलना में बहुत कठिन था किंतु मैं पूरी तरीके से आश्वस्त थी दोनों परीक्षाओं की तैयारी के दौरान 8 माह में मैंने कभी मोबाइल को हाथ नहीं लगाया 16 घंटे पढ़ाई की, वहीं शिक्षक अनीश नायर की प्रेरणा ने कभी मुझे हतोत्साहित नहीं होने दिया। मैं एमबीबीएस एमडी करने के बाद आईएएस बनना चाहती हूं।

**स्कूल में जश्न का माहौल सहपाठियों ने पूछे अनेक सवाल**- शासकीय मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के बाद अपने स्कूल पहुंची स्वलेहा का अनीश नायर प्राचार्य वनीता नायर ,स्वलेहा के शिक्षक शिक्षिकाओं और सहपाठी छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। संपूर्ण स्कूल में जश्न का माहौल था । इस अवसर पर शाला के अनीश नायर ने कहा कि वर्तमान शिक्षा विद्यार्थियों को किताबों के बोझ की निचे दबा रही है उनका सर्वांगीण विकास नहीं कर पा रही। शालाओं में बच्चों की योग्यता की पहचान कर उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है तभी प्रतिभाएं निखर पाएगी। सहपाठी विद्यार्थियों के लिए मिसाल बनी स्वलेहा से छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रश्नों के उत्तर भी दिए ।

#### लोग कहते थे लड़की है ऊपर से हाथ से दिव्यांग,क्या कर पाएगी

स्वलेहा एक साधारण से परिवार की बेटी है उसकी बड़ी बहन आमना चौहान बताती है कि स्वलेहा का दाया हाथ घूम नहीं पाता लोग उसे देख कर कहते थे कि एक तो लड़की है ऊपर से दिव्यांग क्या कर पाएगी। किंतु इन तानो से वह कभी हतोत्साहित नहीं हुई उसने इसे चुनौती के रूप में लिया और धैर्य से अपने लक्ष्य और तैयारी में जुटी रही। जिसके चलते आज उसको यह सफलता मिली है।

## सार समाचार

### सीएमओ श्रीमती पटले का विदाई समारोह आज

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के विभिन्न संगठनों सामाजिक, व्यापारिक, खेल सहित अन्य के द्वारा सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले का स्थानांतरण नरसिंहपुर हो जाने पर उनका विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। नर्मदांचल संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे तथा अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे करेंगे। नगर के खेल संगठन, व्यापारी संगठन, पर्यावरण से जुड़ी संस्थाएं, पार्षद, पत्रकारों सहित अनेक संस्थाएं इस विदाई समारोह में शामिल होंगी।

### निनाद सिंगर्स आज मनायेंगे किशोर कुमार का जन्मदिवस

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर की संगीत संस्था निनाद सिंगर्स के सदस्य कल 4 अगस्त शनिवार को पार्श्व गायक किशोर कुमार का जन्मदिन मनाएंगे। कार्यक्रम सायं 7 बजे पत्रकार भवन रेस्ट हाउस के सामने होगा। संस्था के अध्यक्ष आलोक गिरोटिया ने बताया कि इस अवसर पर निनाद सिंगर्स के सदस्य केक काटकर जन्मदिवस मनायेंगे और उनके गीत गुनगुनाएंगे। उन्होंने संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### ट्रॉला पलटने से लगा जाम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भोपाल को जोड़ने वाले औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाइवे पर बरखेड़ा के पास ट्रॉला पलटने से जाम लग गया। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे से हाइवे पर वाहनों के पहिए थमे है। सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लगी है। जाम लगने से हजारों लोग परेशान हो रहे। बता दे औबैदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाइवे पर बरखेड़ा, मिडघाट के जंगल वाले क्षेत्र में फोरलेन बनाने का कार्य जारी है। जिससे बारिश में आएं दिन जाम की स्थिति बन रही है। गुरुवार दोपहर में एक ट्रॉला पलटी खा गया। पूरी सड़क पर ट्रॉला आड़ा हो गया। ट्रॉला पलटने से अन्य वाहन निकलना बंद हो गए। धीरे-धीरे करके सड़क के दोनों छोर पर सैकड़ों फोर व्हीलर वाहन, बस, ट्रक व ट्रॉले खड़े हो गए। जाम खुलवाने के लिए क्रेन को बुलाया गया है। क्रेन से ट्राले को हटाने का कार्य जारी है। बरखेड़ा के पास जाम लगने से भोपाल आने-जाने के लिए बुधनी, सलकनपुर, मालीवाया से कोलार डेम व औबेदुल्लागंज के रास्ते वाहन निकल रहे है।

स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने की घोषणा

# महिलाओं द्वारा बनाए उत्पाद बेचने लगेगा हाट बाजार



**इटारसी, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा द्वारा शहर में स्वसहायता समूह चलाकर स्वरोजगार प्राप्त करने वाली लाडली बहनों से संवाद किया।

- **एक सप्ताह में हाट बाजार प्रारंभ करने की रूपरेखा हो जाएगी तय**
- **स्वसहायता समूह की महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने में मिलेगी सुविधा**

नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत वृंदावन गार्डन न्यास कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ शर्मा ने लाडली बहनों के मन की बात सुनी और लाडली बहनों की मांग पर उनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद के विक्रय के लिए हाट बाजार प्रारंभ करने की घोषणा की। बाजार नगरपालिका इटारसी के ऑडिटोरियम में ग्राउंड फलोर पर लगेगा। विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर हाट बाजार की रुप रेखा तैयार कर ली जाएगी।

यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि आप सभी ने संवाद में बताया कि उनके द्वारा बनाए गए जो उत्पाद हैं उनको बेचने के लिए स्थान नहीं है, मार्केटिंग ठीक से नहीं हो पाने से स्वसहायता समूहों को नुकसान हो जाता है, इसलिए इटारसी में हम आपके उत्पाद बेचने के लिए हाट बाजार प्रारंभ करेंगे। डॉ शर्मा ने कहा कि नगरपालिका का गांधी मैदान के सामने मौजूद ऑडिटोरियम के ग्राउंड फलोर में हाट बाजार बनाया जाएगा। डॉ शर्मा ने कहा कि यह अस्थाई रहेगा और स्थाई बाजार के लिए हम स्थान का चयन करेंगे। डॉ शर्मा ने महिलाओं से कहा कि विधानसभा क्षेत्र में लगने वाले सभी मेलों में जैसे बूढी माता मंदिर मेला, लाल मैदान मेला, नर्मदापुरम में श्रीराम जी बाबा मेला सहित अन्य मेला में निशुल्क दुकान दी जाएगी, जहां स्वसहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पाद बेच सकेंगी। वहीं डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि मार्केटिंग के तरीके सिखाने के लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि महिलाओं के लिए भाजपा सरकार ने बहुत कार्य किए हैं। कांग्रेस की सरकारों ने कभी कल्पना नहीं की कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने स्वसहायता समूह बनवाए। श्री चौरे ने कहा कि अभी मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है कि वह महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से 10 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी हो इसके लिए कार्य कर रहे हैं।

जन संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री ममता मालवीय, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष जागृति भदौरिया, नगरपालिका के एनयूएलएम प्रभारी राजेंद्र शर्मा, ज्योत्सना चौहान, दीपिका सिलावट, पहल संस्था के नवीन कुशवाह, अजय मंजारिया, कमला तिवारी, अमीना गोलंदाज, कविता राजपूत, रंजना मेहरा, मुमताज बी सहित अन्य मौजूद थीं।

### पोषण आहार की राशि बढाने की मांग-

आंगनबाडी-स्कूलों में पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन प्रदान करने वाले स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा से कहा कि मप्र सरकार से पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन की राशि बढ़ाने के लिए बात करें। अभी 5 रुपये प्रति छात्र पैसा मिलता है। इस मांग पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि वे उचित फोरम पर यह बात रखेंगे।

### इनका कहना है...

विधायक के साथ संवाद किया। उन्हें कुछ समस्या बताई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे सभी का निराकरण करेंगे। उन्होंने हमारे उत्पादों को बेचने के लिए हाट बाजार खोलने की मांग को स्वीकार किया, इसके लिए उनका धन्यवाद।

**पूजा तिवारी**, विधि समूह

हम फलाहार चिप्स व अन्य उत्पाद बनाते हैं। आज यहां स्टॉल लगाया था। हमने इन्हें बेचने के लिए विधायक से स्थान की मांग की थी, जिसे उन्होंने माना है और ऑडिटोरियम में जगह दी है, हम उनका धन्यवाद देते हैं।

**रेखा मालवीय,** दिव्य ज्योति समूह

हमारा स्वसहायता समूह अच्छा काम कर रहा है। हमने विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष से मार्केटिंग के लिए ट्रेनिंग की बात की है, जिस पर विधायक ने कहा कि वे इसकी व्यवस्था करेंगे।

**पूर्णिमा** स्वसहायता समूह

# लोक अधिकार केंद्र में जन समस्याओं का होगा समाधान




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जनपद पंचायत नर्मदापुरम में आजीविका मिशन के सहयोग से जन समस्याओं के निदान हेतु लोक अधिकार केंद्र का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार के द्वारा में रिबन काटकर किया गया। लोकाधिकार केंद्र की खास बात यह हे की इसका संचालन स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जायेगा आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक एवं ब्लॉक नोडल श्रीमती अर्चना शुक्ला ने बताया की लोक अधिकार केंद्र सभी जिलों में खोले जा रहे हैं, लोक अधिकार केंद्र का उद्देश्य शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे एवं संबंधित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने में कोई समस्या आ रही है तो उसका समाधान हितग्राही लोकाधिकार केंद्र मे आकर करा सकेगा। आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक दुर्गेश ठाकुर ने बताया की लोक अधिकार केंद्र मे जनपद स्तर पर दो प्रशिक्षित समता समन्वयक एवं तीन संकुल स्तरीय संघ के अनुसार 6 समता सखी रहेंगी जो स्व सहायता समूहों की सदस्य होंगी। इनका कार्य क्षेत्र भ्रमण कर समस्स्यो का समाधान कराना एवं समस्याओं को लोकाधिकार केंद्र तक लाना रहेगा लोकाधिकार केंद्र के माध्यम से समस्या के निराकरण हेतु संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से निराकरण करने के लिए लिखित जानकारी दी जायेगी एवं उसका फॉलोअप लिया जायेगा। समस्या का निराकरण अगर संबंधित विभाग नहीं कर पा रहा हे तो उसको उच्च अधिकारियों तक समाधान हेतु पहुंचाया जायेगा। लोकाधिकार केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर स्व सहायता समूहों की सदस्य एवं आजीविका मिशन जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सहायक विकास खंड प्रबंधक राजन केरकट्टा, कैलाश कीर कविता पाठक एव अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

# तवा और पचमढ़ी में अच्छी वर्षा, तेजी से बढ़ेगा बांध का जलस्तर

**इटारसी, देशबन्धु।** सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी और तवा के कैचमेंट एरिया में आज सुबह से शाम तक अच्छी बारिश होने से दोपहर बाद तवा बांध के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सुबह से दोपहर तक तवा का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा था जिसमें दोपहर बाद तेजी आयी है।

पचमढ़ी के अलावा तवा बांध के कैचमेंट एरिया में भी बारिश दर्ज की गई है। यहां सुबह 6 से 9 बजे के बीच 5.80 मिमी, 9 से 12 बजे के बीच 5.20 मिमी, दोपहर 12 से 3 बजे के बीच 17.20 और दोपहर 3 से शाम 7 बजे के बीच 39.2 मिमी वर्षा होने से तवा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। पचमढ़ी में 60 मिमी वर्षा होने से देनवा नदी के जरिय वहां का पानी भी तवा में आएगा तो जलस्तर में और तेजी से बढ़ोतरी होगी। आज शाम 6 बजे तवा बांध का जलस्तर 1156.30 फीट था।





## सुबह से शाम तक लगी रही सावन की झड़ी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में गुरुवार को सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश जारी है। कभी तेज से कभी हल्की बारिश होती रही। अगस्त की शुरुआत हो बारिश से हुई है। सुबह से काले बादल छाएं रहने से धूप नहीं निकल पाई। वातावरण में ठंडक घुल गई है। बुधवार शाम को भी तेज बारिश हुई थी। बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। शहर में एक इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मप्र के 24 घंटे में बारिश होने की अनुमान लगाया है। वहीं यदि इस वर्ष हुई बारिश की बात करें तो जिले में 1 जून 2023 से आज 03 अगस्?त 2023 को प्रात- 8.30 बजे तक औसत 633.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में औसत 867.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। दिनांक 02 अगस्?त से 03 अगस्?त को प्रात- 8.30 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 24.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.5, इटारसी में 4.4, माखननगर में 23.0, सोहागपुर में 4.6, पिपरिया में 14.6, बनखेड़ी में 22.6, पचमढ़ी में 22.6, एवं तहसील डोलरिया में 4.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। अधीक्षक भू अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 1 जून से 03 अगस्त 2023 को प्रात- 8.30 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 767.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 448.5, इटारसी में 483.2, माखननगर में 645.0, सोहागपुर में 615.2, पिपरिया में 829.6, बनखेड़ी में 578.3, पचमढ़ी में 867.6 एवं डोलरिया तहसील में 464.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में तहसील नर्मदापुरम में 788.6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1031.0, इटारसी में 1101.2, माखननगर में 806.0, सोहागपुर में 855.2, पिपरिया में 703.2, बनखेड़ी में 504.8, पचमढ़ी में 1067.6 एवं तहसील डोलरिया में 952.2 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। सेठानी घाट पर नर्मदा जी का अलार्म स्?तर 964.00 फीट है एवं खतरे का जलस्तर 967.00 फीट है। वर्तमान में सेठानी घाट पर नर्मदा जी का जलस्तर 936.20 फीट है। इसी प्रकार तवा जलाशय का वर्तमान जलस्तर 1155.70 फीट, बरगी जलाशय का 418.90 मीटर एवं बारना जलाशय का जलस्तर 346.32 मीटर है।

विधायक कप खेल प्रतियोगिता का आगाज आज से

# इटारसी में बैडमिंटन एवं फुटबाल, नर्मदापुरम में होगी कबड्डी



## खेल संगठन की मौजूदगी में किया ट्रॉफियों का अनावरण

**नर्मदापुरम/इटारसी, देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में शासन की योजना अनुसार विधायक कप 2023 की श्रंखला प्रारंभ हो रही है, इस संबंध में आज सर्किट हाउस में विधायक डॉ, सीतासरन शर्मा, जिला खेल अधिकारी, खेल संघों के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक आदि की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में विधानसभा 137 नर्मदापुरम-इटारसी की विधायक कप खेल प्रतियोगिता 4 अगस्त से आरंभ होकर 8 अगस्त तक किया जाना तय हुआ। प्रतियोगिता पूर्णता निशुल्क एवं खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित होगी। शुभारंभ विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की उपस्थिति में 4 अगस्त को सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स इटारसी में होगा। 4-5 और 6 अगस्त तक बैडमिंटन बालक-बालिका प्रतियोगिता चलेगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता दो वर्गों में 18 से 25 वर्ष एवं 25 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में संपन्न होगी वहीं 5 से 6 अगस्त को श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल इटारसी में फुटबॉल प्रतियोगिता भी आरंभ होगी। कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 7 और 8 अगस्त को नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में होगा। पूरे कार्यक्रम के लिए संचालन समिति का गठन किया एवं ट्रॉफी का अनावरण भी किया। बैठक में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, अनुराग मिश्रा, जय किशोर चौधरी, रोहित गौर नगर मंडल अध्यक्ष, जिला भाजपा खेल प्रकोष्ठ, आलोक राजपूत, कबड्डी राष्ट्रीय खिलाड़ी शहीद खान, राकेश ठाकुर वरिष्ठ खिलाड़ी संतोष व्यास, नीलेश यादव, खेल विभाग ब्लाक समन्वयक महेंद्र पचलानिया, आरती शर्मा, सरदार सिंह राजपूत, दिनेश दीवान, संतोष व्यास, अजय राजपूत, पूनम रैकवार, बख्तावर खान, नीलेश यादव, राकेश ठाकुर, राजपाल चड्ढा, श्री व्यास सहित सभी खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सिटी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बैठक में कार्यक्रम तय

बुधवार की रात को सिटी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स न्यास कालोनी में विधायक कप प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजन संबंधी बैठक जगदीश मालवीय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभापति राकेश जाधव, सुनील जैन, केके तिवारी, अश्वनी तिवारी, देवेन्द्र पटेल सहित विभिन्न खेलों के कोच मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया है कि प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 2 बजे सिटी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा की मौजूदगी में होगा। इस दौरान सभी विधायक प्रतिनिधि, खेल संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य, खिलाड़ी, नगर पालिका पार्षद और गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता नॉक आउट पद्धति से होगी, महिलाओं के लिए आयु वर्ग का बंधन नहीं होगा, उनके लिए ओपन रहेगी। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के अलावा सीाी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे।

## बैडमिंटन महिला डबल्स में श्रद्धा एवं पूजा और सिंगल में श्रद्धा यादव विजेता



**इटारसी, देशबन्धु।** विद्युत लोको शेड इटारसी में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त के उपलक्ष्य में वेलफेयर सोसायटी द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आज महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर रेल्वे इंस्टीट्यूट न्यूयार्ड में किया। महिला सिंगल्स बैडमिंटन के फायनल मुकाबले में श्रद्धा यादव ने अंजलि पिल्लई को हराया जबकि महिला डबल्स बैडमिंटन में श्रद्धा यादव और पूजा यादव का मुकाबला दीप शिखा एवं उमा की जोड़ी के बीच हुआ जिसमें श्रद्धा यादव और पूजा यादव विजेता बनीं। इस अवसर पर टीआरएस क्रीडा सचिव सौरभ खरे उपस्थित थे। बैडमिंटन प्रभारी दीपा मेहरा ने बताया कि कल महिला कैरम प्रतियोगिता के मुकाबले होंगे। फायनल विजेता एवं उपविजेताओं को वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सचिन शर्मा तथा मंडल विद्युत इंजीनियर अक्षय कुमरावत द्वारा 15 अगस्त को एसी शेड के प्रांगण में पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।


इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761-2624977. Email: zojabalpur@indianbank.co.in

परिशिष्ट - IV-A {( नियम-8 ( 6 )} अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन )नियम, 2002 के नियम 8 ( 6 ) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। यह नोटिस आम जनता एवं उधारकर्ता ( ओं )/गारंटीकर्ता ( ओं ) के लिए नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार को गिरवी /चार्ज की गई है, जिसका कब्जा इंडियन बैंक शाखा द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार द्वारा राशियों और देय ब्याज की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. | शाखा का नाम | खाते का नाम ऋणि का नाम/ प्रोप./निदेशक/पार्टनर गारंटर / गिरवी रखने वाला | ई-निलामी हेतु संपत्ति का विस्तृत विवरण | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य सूचना दिनांक / वसूली राशि | आरक्षित मूल्य / ई.एम.डी. राशि / बिड बढ़ाने राशि / ई-निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री सुनील कुमार सराठे और सरिता सराठे ( उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ) | एक आवासीय मकान नं 03 क्षेत्रफल 360 वर्ग फीट अर्थात 35.45 वर्ग फीट प्लाट नंबर 137 से हटकर खसरा नंबर 60/1, मौजा रसूलिया पर स्थित है, जिसे लोकप्रिय रूप से ''आशुतोष नगर'' के नाम से जाना जाता है, वार्ड नंबर 25 नया नंबर 22 पीसी नंबर 17 निपटान नंबर 270, नर्मदापुरम तहसील और जिला होशंगाबाद ( नर्मदापुरम ) म.प्र.<br>संपत्ति मालिक- सुनील कुमार सराठे और सरिता सराठे<br>सीमाएँ- उत्तर- सड़क, दक्षिण- शिव परिवार शंकर मंदिर का भूखंड, पूर्व - विक्रेता का क्षेत्र, पश्चिम- लालचंद यादव का घर | 13.12.2019<br>10.01.2023<br>Rs. 10,30,702/-<br>(Rupees Ten Lakhs Thirty Thousand Seven Hundred Two Only)<br>(as on 07.11.2019)<br>+ interest and other expenses | Rs 15,54,000/-<br>Rs 1,60,000/-<br>Rs 10,000/-<br>23-08-2023<br>11.00 AM TO 4.00 PM |
| 2. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री कृष्ण कुमार एवं श्रीमती तन्वी सिंह ( उधार लेने वाला ) | एक आवासीय भूखंड क्षेत्र पूर्व से पश्चिम 27 फीट और उत्तर से दक्षिण 16 फीट कुल क्षेत्रफल 421 वर्ग फुट यानी 40.14 वर्ग मीटर डायवर्टेड खसरा नंबर 436/13, मौजा मालाखेड़ी में स्थित पी.सी. क्रमांक 17. वार्ड क्रमांक 10. होशंगाबाद, तहसील एवं जिला - होशंगाबाद<br>संपत्ति स्वामी- श्रीमती तन्वी सिंह पत्नी श्री कृष्ण कुमार सिंह निवासी बाबई रोड, तहसील एवं जिला होशंगाबाद।<br>सीमाएँ- उत्तर- दूसरों का घर, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम- उबड़-खाबड़ सड़क। | 22.10.2019<br>11.02.2020<br>Rs. 8,22,992/-<br>(Rupees Eight Lakhs Twenty Two Thousand Nine Hundred Ninty Two Only)<br>(as on 18.09.2019)<br>+ interest and other expenses | Rs 9,56,000/-<br>Rs 96,000/-<br>Rs 10,000/-<br>23-08-2023<br>11.00 AM TO 4.00 PM |
| 3. | Raipur Hoshangabad Branch | श्री वीरेंद्र सराठे एवं सोनम सराठे ( उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ) | एक आवासीय भूखंड क्षेत्र और उस पर निर्माण, पूर्व से पश्चिम 30 फीट उत्तर से दक्षिण 10 फीट कुल क्षेत्रफल 300 वर्ग फुट यानी 27.88 वर्ग मीटर डायवर्टेड खसरा नंबर 436/13 मौजा मालाखेड़ी स्थित पी.सी. क्रमांक 17 वार्ड क्रमांक 10 होशंगाबाद तहसील और जिला होशंगाबाद ( अब नर्मदापुरम )।<br>सीमाएँ- उत्तर- दूसरों का भूखंड, दक्षिण- संतोष कहार का भूखंड, पूर्व - कच्ची सड़क, पश्चिम- अन्य भूमि | 22.10.2019<br>11.02.2020<br>Rs. 6,58,369/-<br>(Rupees Six Lakhs Fifty Eight Thousand Three Hundred Sixty Nine Only)<br>(as on 07.09.2019)<br>+ interest and other expenses | Rs 6,80,000/-<br>Rs 68,000/-<br>Rs 10,000/-<br>23-08-2023<br>11.00 AM TO 4.00 PM |

बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई नीलामी सेवा प्रदाता एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए एमएसटीसी हेल्पडेस्क नंबर 033-22901004 पर कॉल करें और सर्विस प्रोवाइडर हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाइन नंबर। एमएसटीसी लिमिटेड के साथ पंजीकरण की स्थिति के लिए, कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर संपर्क करें और ईएमडी स्थिति के लिए कृपया ibapifin@mstcecommerce.com पर संपर्क करें। इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण, कृपया हेल्प लाइन नंबर 18001025026 और 011-41106131 पर संपर्क करें। ई-नीलामी के लिए प्लेटफाम : http://ibapi.in और www.mstcecommerce.com यह उक्त ऋण के उधारकर्ता( ओं )/जमानतदार( रों ) के लिए भी एक सूचना है, जो उक्त उल्लिखित तिथि पर इस बिक्री को आयोजित करने और अन्य विवरणों के बारे में है।

दिनांक : 04/08/2023 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

## उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव : अलग-अलग राज्यों के नृत्यों की बिखरी छटा



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में गुरुवार को भारतीय लोक एव जनजातीय अभिव्यक्तियों के राष्ट्रीय उत्सव उत्कर्ष और उन्मेष में जनजातीय लोक नृत्य देखा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।*

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय उत्सव उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के सम्मुख विभिन्न नृत्यों की झलकियां प्रस्तुत की गईं। इस विहंगम, मनोहारी और आकर्षक प्रस्तुति में कलाकारों ने विभिन्न राज्यों और अंचलों के नृत्य प्रस्तुत किए। आज से 6 अगस्त तक हो रहे इस भव्य समारोह में सौ से अधिक भाषाओं में 14 देशों के 575 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। समारोह में संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, आजादी के अमृत महोत्सव तथा हर घर हेल्दी मिशन पर केन्द्रित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने हर घर हेल्दी मिशन के अंतर्गत विश्व रिकार्ड बनाने के लिए केन्द्रीय संयुक्त सचिव संस्कृति श्रीमती उमा नंदूरी तथा माय एफएम रेडियो के पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# खजुराहो सहित 27 स्टेशनों का होगा उन्नयन, प्रधानमंत्री और रेल मंत्री 6 को करेंगे भूमिपूजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सहित प्रदेश के 27 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 6 अगस्त को सुबह 9 बजे अमृत भारत योजना के तहत देश के 506 स्टेशनों के उन्नयन कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे। आयोजन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो स्टेशन पर मौजूद रहेंगे और इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत योजना के तहत देश के 506 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। खजुराहों स्टेशन को भी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तरह ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर स्टेशन बनाया जाएगा। श्री शर्मा ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि खजुराहो रेलवे स्टेशन को उन्नयन के लिए सबसे ज्यादा 260 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इसके साथ ही खजुराहो संसदीय क्षेत्र में आने वाले कटनी जंक्शन को 30 करोड़, कटनी दक्षिण को 20 करोड़ और कटनी मुरवाड़ा के लिए 22 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया है।

### कमलनाथ ने ट्वीट कर साधा निशाना, कहा-

# कानूनी तर्कों में उलझाकर जातिगत सर्वेक्षण बंद कराना चाहती थी भाजपा



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि भाजपा नितीश सरकार द्वारा कराए जा रहे जातिगत सर्वेक्षण को कानूनी तर्कों में उलझाकर बंद करवाना चाहती है। उन्होंने ट्वीट किया कि भाजपा भाजपा 'जातिगत सर्वेक्षण' को क़ानूनी तर्कों में उलझाकर बंद करवाना चाहती थी, लेकिन माननीय पटना उच्च न्यायालय ने इस पर लगी रोक को हटाकर हर वंचित, शोषित के लिए 'सामाजिक न्याय' ही नहीं बल्कि आने वाले समय में 'आर्थिक न्याय' का भी रास्ता खोल दिया है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोग जब अपने अधिकारों के लिए मिलकर एक साथ खड़े हो जाएंगे तो ये प्रभुत्ववादी सोच के गिनती के लोग सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाली इस गिनती-गणना के आगे कहीं नहीं टिकेंगे।

### भाजपा सामाजिक हकमारी का प्रतीक है

कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा कि जातीय जनगणना सबके हक़ की आनुपातिक हिस्सेदारी की राह खोलेगी और सच में लोकतंत्र की दिशा नीचे-से-ऊपर की ओर जाएगी। भाजपा की सामंती सोच ग़ैर-बराबरी और दमन की रही है, इसीलिए वो ग़रीब-कमज़ोर के हक़ को मारने के लिए जातीय जनगणना की विरोधी है।जनता जातीय जनगणना को रोकनेवाली भाजपा को अगले चुनाव में इस तरह बहिष्कृत करेगी कि मतगणना के दिन न तो उनके नेता दिखाई देंगे और न ही उनके प्रत्याशी। भाजपा सामाजिक हक़मारी का प्रतीक है।

### डबल इंजन नहीं, डबल अटैक की सरकार

कमलनाथ ने केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार के बारे में ट्वीट कर लिखा- मध्यप्रदेश में डबल इंजन की नहीं, बल्कि जनता पर डबल अटैक की सरकार चल रही है। जनता की गाढ़ी कमाई की लूट और अपने कमीशन एजेंटों को छूट, डबल अटैक की रणनीति है। शिवराज सरकार जनता का शोषण करने की योजनाएं लाती है और केंद्र में बैठी सरकार उस पर मुहर लगाती है। ठेका और कमीशन के इस डबल गेम ने प्रदेश की जनता को डबल गड़बड़ में फंसा दिया है। प्रदेश की जनता इस झांसे को समझ गई है और डबल ताकत से इस डबल अटैक को नाकाम करने वाली है।

## मुख्यमंत्री आज जनसेवा मित्रों से करेंगे संवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र से संवाद करेंगे। इसमें प्रदेश के 52 जिलों से लगभग 10 हजार जनसेवा मित्र शामिल होंगे।

कैम्प का उद्देश्य जनसेवा मित्रों को प्रेरित करना है, जो राज्य में कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जमीनी स्तर पर जागरूकता का संचार करने के लिये अथक प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की थीम यूथ फॉर एम.पी. रहेगी। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूट कैम्प 4 अगस्त को लाल परेड ग्राउण्ड होगा। इस सत्र में सीएम यूथ इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से विगत 6 माह में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों की लर्निंग और धरातल पर बदलाव के जो नए आयाम गढ़े हैं, उन्हें बताया जायेगा। साथ ही डेवलपमेंट सेक्टर में विकसित होते रोजगार के नए अवसरों से अवगत कराया जायेगा। सत्र का समय पूर्वान्ह 1:30 से 2:40 बजे तक रहेगा।

### हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जन्मस्मृति पर ये शाम मस्तानी कार्यक्रम

# भोपाल के पांच स्थानों पर सजेगी सुरो की महफिल

**भोपाल, देशबन्धु।** संस्कृति विभाग द्वारा हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जन्मस्मृति के अवसर पर गुरुवार 4 अगस्त, 2023 को भोपाल के पांच स्थानों पर ये शाम मस्तानी... कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महान गायक किशोर कुमार को उन्हीं के गीतों के माध्यम से याद करना हमारा सौभाग्य है। इसलिये संस्कृति विभाग भोपाल के पांच स्थानों इनमें रवीन्द्र भवन, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, पीपुल्स यूनिवर्सिटी, सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं आई.ई.एस. यूनिवर्सिटी में ये शाम मस्तानी... कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है।

रवीन्द्र भवन में 4 अगस्त को रात्रि 8 बजे से प्रख्यात गायक विनोद राठौर एवं साथी, मुम्बई द्वारा किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति दी जावेगी। इसके अलावा जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी में श्री निखिल बाकरे, सुश्री अनुषा बाकरे एवं साथी, भोपाल द्वारा दोपहर 12 बजे, पीपुल्स यूनिवर्सिटी में गुना के श्री शिवाजी सुर्वे एवं साथी द्वारा दोपहर 2 बजे, सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी में श्री आर्यन वासनिक एवं साथी, भोपाल द्वारा दोपहर 12 बजे और आई.ई.एस. यूनिवर्सिटी में श्री मुकेश तिवारी एवं साथी, भोपाल द्वारा दोपहर 12 बजे से किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति होगी। सुरों से सजी महफिल में सभी का प्रवेश निःशुल्क होगा।


## पिछड़ा वर्ग मोर्चा : राघवेन्द्र प्रदेश मंत्री बने, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह ने मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है। दतिया के राघवेन्द्र सिंह यादव को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में नरेश यादव विदिशा, दिनेश चन्द्र चौरसिया राजगढ़, मनोहर सिंह परमार उज्जैन, नवीन चौधरी रतलाम, बनवारी सोनी राजगढ़ के साथ ही मदनलाल धनगर नीमच, मुकेश धाकड गुना, परमार लोधा गुना, सुभाष माली इंदौर, श्यामसिंह सेंगर ग्वालियर, मनोज कुमार झा (बसई) दतिया, डा. बलराम बघेल ग्वालियर, जयदीप पटेल रायसेन, रीता सोनी सीधी, डा. आशाराम कुशवाह (जौरा) मुरैना, बबीता सेन ग्वालियर, डालचन्द पटेल सागर, सत्यपाल कुशवाह विदिशा, शंकरलाल बटोही सिहोर, हरिसिंह लोधी रायसेन, अशोक यादव शिवपुरी, विष्णुदेव कुशवाह रीवा, लखमीचन्द कुशवाह (विजयपुर) श्योपुर को लिया गया है।

### पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी करेगी सम्मानित

# वरिष्ठ पत्रकार पीयूष बबेले को पंडित नेहरू शिखर सम्मान मिलेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी अपना पहला पंडित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शिखर सम्मान वरिष्ठ पत्रकार पीयूष बबेले को प्रदान करेगी। यह जानकारी अकादमी अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने दी। उन्होंने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के मूल्यों और विचारों को ध्यान में रखकर युवा खासतौर पर किशोर पीढ़ी के बच्चों को प्रेरित शिक्षित और राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए लिखे गए साहित्य के आधार पर श्री बबेले का सम्मान किया जाएगा।

इकराम ने बताया कि पुरस्कार के लिए गठित समिति के सदस्य गांधी इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ बी .एम .शर्मा , पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ओम थानवी , काशी विद्यापीठ बनारस में सेवारत रहे प्रोफेसर सतीश राय और वरिष्ठ साहित्यकार फारूक अफरीदी की कमेटी की सर्व सम्मति सम्मत अनुशंसा पर इस पुरस्कार के लिए श्री बबेले का चयन किया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में किसी भी अकादमी द्वारा प्रदान किए जा रहे पुरस्कारों की दृष्टि से यह पुरस्कार और सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि इस सम्मान की राशि एक लाख रुपए रखी गई है, जो फिलहाल किसी भी अन्य अकादमी द्वारा नहीं दिया जा रहा।

अकादमी के सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि पुरस्कार स्वरूप श्री बबेले को अकादमी की ओर से नकद पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बबेले युवा लेखक साहित्यकार और नेहरू के विचारों के वाहक और लेखक हैं। उनकी पुस्तक नेहरू मिथक और सत्य को देशभर में सराहना मिली है। बताया गया कि अकादमी इस माह के अंत में जयपुर में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में श्री बबेले को यह सम्मान प्रदान करेगी।

# इंजीनियरिंग के 74 प्रशिक्षणार्थियों को मिले जॉब ऑफर लेटर




**भोपाल, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क सिटी केम्पस भोपाल में संचालित एडवांस प्रिसिजन इंजीनियरिंग के एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स के पाँचवें बैच के 74 प्रशिक्षणार्थियों का चयन रिजल्ट आने के पूर्व ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों में हुआ है। अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मनु श्रीवास्तव ने गुरुवार को इन प्रशिक्षणार्थियों को जॉब ऑफर लेटर सौंपे। संस्था के लगभग 98 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट होना, स्किल क्षेत्र की उपयोगिता को सिद्ध करता है।

ग्लोबल स्किल पार्क का मुख्य केम्पस 36 एकड़ में नरेला शंकरी में निर्माणाधीन है। पार्क अक्टूबर 2023 से प्रारंभ किया जायेगा, इसमें छात्रावास और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार युवाओं को 8 विभिन्न सेक्टर में प्रशिक्षण मिलेगा। युवाओं को मेकेट्रॉनिक्स, मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स, पॉवर एण्ड कंट्रोल, नेटवर्क एण्ड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयरकंडीशनिंग, मेकेनिकल एण्ड इलेक्ट्रिकल सर्विसेस, ऑटोमोटिव आदि में उन्नत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

संचालक, ग्लोबल स्किल पार्क श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क का सिटी केम्पस मध्यप्रदेश शासन के एक पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में वर्ष 2019 में एडवांस प्रिसिजन इंजीनियरिंग के साथ शुरू किया गया था। केम्पस में प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों की मांग के अनुरूप एडवांस मशीन्स पर प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ सॉफ्ट स्किल और ऑन द जॉब प्रशिक्षण भी दिया जाता है। केम्पस से प्रशिक्षण प्राप्त युवा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हेवी इंजीनियरिंग उद्योगों में अपनी प्रतिभा सिद्ध कर रहे हैं। पार्क के सीनियर डायरेक्टर श्री शमीमुद्दीन ने बताया कि इस बैच के लिये एक से 8 मई 2023 के बीच की गई प्लेसमेंट ड्राइव में 12 कम्पनियाँ, ओमेगा रेंक, जेबीएम, जैवल एयरो स्पेस, हर्षा इंजीनियरिंग, एड्रॉइट, वेलस्पन, वेकमेट, वॉल्वो आइशर, इंडिया बंजी, लाइट गाइड, परिधि इण्डस्ट्रीज, श्रीराम एयरो स्पेस ने भाग लिया था। एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क और बीएचईएल भोपाल के मध्य हुए एमओयू से पार्क में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को बीएचईएल में ऑन द जॉब ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 20 महिलाएं घायल

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को आज (3 अगस्त) तीन महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई।

स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 20 महिलाएं घायल हो गईं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया। असम राइफल्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर महिलाएं सुरक्षाबलों पर पथराव करने लगीं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े। झड़प के बाद इंफाल और पश्चिमी इंफाल में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई है।

### शवों को बाहर दफनाने की अफवाह फैली

मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोगों के शव इंफाल और चुराचांदपुर के अस्पतालों की शवगृह में रखे हैं। गुरुवार को चुराचांदपुर के लम्का शहर के तुईबोंग शांति मैदान में कुकी समुदाय के 35 लोगों के शवों को दफनाया गया।

बुधवार रात एक अफवाह फैली थी कि कुछ कुकी-जो लोगों के शव दफनाने के लिए बाहर ले जाए जा सकते हैं। इसके बाद इंफाल में रीजनल आयुर्विज्ञान संस्थान और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान दो अस्पतालों के पास भीड़ जमा हो गई। हालांकि पुलिस भीड़ को शांत करने में कामयाब रही। रात 10 बजे तक कोई घटना नहीं हुई।

### अब कैबिनेट सचिव को मिला सेवा विस्तार

# लोकसभा चुनाव तक पद पर बने रहेंगे राजीव गौबा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय मिश्र के सेवा विस्तार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बावजूद केंद्र सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को लगातार तीसरी बार एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। अब वे लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे।

झारखंड कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1982 बैच के अधिकारी गौबा को 2019 में उन्हें पहली बार दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया था। अगस्त 2021 में सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें एक साल के लिए सेवा विस्तार मिला। अगस्त 2022 में उन्हें दूसरी बार एक साल के विस्तार दे दिया गया। अब उन्हें फिर से तीसरी बार सेवा विस्तार मिल गया है। वे लोकसभा चुनाव 2024 तक अपने पद पर बने रहेंगे। गौबा को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 का प्रमुख वास्तुकार माना जाता है। इसी अधिनियम के तहत केंद्र सरकार ने सूबे में लागू धारा 370 को रद्द कर जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। कैबिनेट सचिव बनने से पहले गौबा केंद्रीय गृह मंत्रालय में सचिव और उससे पहले शहरी विकास मंत्रालय में सचिव थे। यही नहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती से पहले वे झारखंड के मुख्य सचिव भी रहे थे।

## प्रख्यात मराठी गीतकार नामदेव महानोर का निधन

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार नामदेव धोंडो महानोर का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण गुरुवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि महानोर पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे और पुणे के रूबी अस्पताल में वेंटिलेटर पर थे। इसी अस्पताल में सुबह उनका देहांत हो गया। महानोर का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पलासखेड गांव में वर्ष 1942 में हुआ था। उन्हें वर्ष 1991 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

## राहुल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'मोदी उपनाम' मानहानि मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। उन्होंने इस मामले में उनकी सजा पर निलंबन से गुजरात हाई कोर्ट के इनकार को उच्चतम न्यायलय में चुनौती दी है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, पी.एस. नरसिम्हा और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ पूर्व सांसद की याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी।

## नूंह के बाद हिंसा पर अमेरिका में उठा सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के गुरुग्राम और उसके आसपास के इलाकों में चल रही झड़पों के बीच अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका के विदेश विभाग ने हरियाणा दंगे पर शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने पार्टियों से हिंसा से दूर रहने का आग्रह किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित करते हुए कहते कहा कि मैं झड़पों के संबंध में कहूंगा कि शांति बनाए रखे और हिंसक कार्यों से परहेज करें।

## प्रदेश में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान 7 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने सभी वैक्सीनेटर को क्रियाशील करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण किये जाने के निर्देश दिए। एसीएस स्वास्थ्य श्री सुलेमान ने गुरुवार को वल्लभ भवन से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से प्रदेश के समस्त जिलों में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान तथा यू-विन पोर्टल की तैयारी की गहन समीक्षा की। श्री सुलेमान ने कहा कि प्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर एवं 9 से 14 अक्टूबर 2023 में संचालित किया जाना है। सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान में टीकाकारण में छूटे हुये 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जाना है। प्रदेश में पहली बार यू-विन पोर्टल डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर माइक्रोप्लानिंग कर उनका टीकाकरण किया जाये। एसीएस सुलेमान ने निर्देश दिए कि संस्थागत डिलीवरी प्वाइंट पर टीकाकरण के लिए चिन्हित सभी एएनएम संवर्ग को आईएमआई की सफलता के लिए निर्देशित करे।

### अनुच्छेद 370 हटाने के 5 साल बाद भी हिंसा से नहीं मिली मुक्ति

# औसतन रोजाना एक मौत को देख रहा कश्मीर

**जम्मू, देशबन्धु।** इस महीने की पांच तारीख को कश्मीर में जिस अनुच्छेद 370 को हिंसा का प्रमुख कारण बताते हुए हटा दिया गया था उसके 5 साल बीत जाने के बाद भी कश्मीर को हिंसा से मुक्ति नहीं मिल पाई है।

हिंसा में कमी तो है पर आज भी कश्मीर प्रतिदिन एक मौत को देखने को मजबूर है। इसकी पुष्टि खुद सरकारी आंकड़े करते थे। सरकारी आंकड़े बताते थे कि 2019 से लेकर 1 अगस्त 2023 तक के 5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी हैं। इनमें हालांकि सबसे बड़ा आंकड़ा आतंकियों का ही था जिनके विरूद्ध कई तरह के आप्रेशन चला उन्हें मैदान से भाग निकलने को मजबूर किया गया लेकिन नागरिकों व सुरक्षाबलों की मौतें भी यथावत हैं। आंकड़े कहते थे कि 819 आतंकी इस अवधि में ढेर कर दिए गए। तो इसी अवधि में 222 सुरक्षाकर्मियों को शहादत देकर इस सफलता को प्राप्त करना पड़ा। आतंकियों द्वारा नागरिकों को मारने का सिलसिला भी यथावत जारी था। हालांकि पुलिस के दावानुसार, इस अवधि में कोई भी नागरिक कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया के दौरान नहीं मारा गया बल्कि इन 5 सालों में जो 236 नागरिक मारे गए उन्हें आतंकियों ने ही मार डाला। इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकियों के सबसे अधिक हमले प्रवासी नागरिकों के साथ साथ हिन्दुओं पर भी हुए हैं। जो लगातार जारी हैं। पिछले साल पांच अगस्त की बरसी की पूर्व संध्या पर भी आतंकियों ने पुलवामा मे ग्रेनेड हमला कर एक बिहारी श्रमिक की जान ले ली थी। अगर इन आंकड़ों पर जाएं तो कश्मीर ने प्रतिदिन औसतन एक मौत देखी है और आतंकियों व अन्य मौतों के बीच 2:1 का अनुपात रहा है। अर्थात अगर दो आतंकी मारे गए तो एक सुरक्षाकर्मी व नागरिक भी मारा गया। पहले यह अनुपात 3ः2 का था। जबकि इस अवधि में प्रदेश में 614 आतंकी वारदातें हुई हैं जिनमें कुल 1277 मौतें हुई हैं। अर्थात यह अनुपात 1:2 का रहा है। इतना जरूर था कि 5 अगस्त की कवायद के उपरांत कश्मीर में आतंकवाद का चेहरा भी बदल गया है। अब कश्मीर हाइब्रिड आतंकियों की फौज से जूझने को मजबूर है जो सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं।

### 5 साल के अरसे में कश्मीर ने 1277 मौतें देखी

### 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज दूसरे दिन की सुनवाई हो रही है। सुनवाई करने वाले पांच जजों में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**दिल्ली बिल लोकसभा में....** ने कहा कि शाह के मुंह से नेहरू की तारीफ अच्छी लगी। चौधरी ने दिल्ली में ऐसी छेड़खानी होती रहेगी तो आप अन्य राज्यों के लिए भी ऐसे बिल लाते रहेंगे। आपको लगता है कि यहां घोटाला होता है तो उसके लिए आपको यह बिल लाना जरूरी था? आपके पास ईडी, सीबीआई, आईटी है. आप उसका इस्तेमाल क्यों नहीं करते?।

**आपसी समझ विकसित करने....** विरासत अत्यंत समृद्ध है। यहां सर्वाधिक जनजातियां निवास करती हैं। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए जनजातीय समुदाय के आधुनिक विकास में भागीदार बनें। नव उन्मेष से संयुक्त प्रतिभाएं भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जाएं। 'उन्मेष' और 'उत्कर्ष' जैसे आयोजन इस दिशा में तर्क संगत भी हैं और भाव संगत भी। ऐसा आयोजन एक सशक्त 'कल्चरल ईको सिस्टम' का निर्माण करेगा। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सक्रिय सहयोग सराहनीय है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद मेरी सर्वाधिक यात्राएं मध्यप्रदेश में हुई हैं। मैं आज पांचवी बार मध्यप्रदेश की यात्रा पर आई हूं। मैं प्रदेश के 8 करोड़ निवासियों को यहां मेरे आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद देती हूं। इसके पहले केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी द्वारा संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने दीप प्रज्ज्वलन कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के भोपाल आगमन पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष श्रीमती संध्या पुरेचा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती उमा नंदूरी उपस्थित थीं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।